


पेज. 4 अनघा धाकड़ ने राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में जीता


# मालवा फर्स्ट

**MALWA FIRST**

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

RNI NO. MPHIN38290 (TC)

संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

नीमच, बुधवार

12 जुन 2024

वर्ष 02, अंक 11, - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com

Contact: 9407423966, 8770664866


Commodity: Gold 71,788 Silver 93,605 Crude Oil 6,429 Natural Gas 263.20 Aluminium 232.25 Copper 876.30

**खास खबर**

### नीमच कैंट लाइट हाउस एवं नोडल विद्यालय के रूप में चयनित

**नीमच।** सीएम राइज विद्यालय नीमच कैंट को स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा लाइट हाउस के रूप में चयनित किया गया है। प्राचार्य किशोर सिंह जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 274 सीएम राइज विद्यालयों में से कुछ पेरामीटर्स के आधार पर 68 सीएम राइज विद्यालयों को लाइट हाउस (नोडल) विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है । इन सी एम राइज विद्यालयो का चिन्हांकन स्थापना के बाद गत दो वर्षों में हुई गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया । श्री जैन ने बताया कि सीएम राइज विद्यालय नीमच केंट ने अपनी स्थापना के दो वर्षों के दौरान ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के साथ उल्लेखनीय पाठ्येतर गतिविधिया आयोजित कर जिले एवं प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इसी अनुक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से सीएम राइज विद्यालय नीमच कैंट को नोडल विद्यालय के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से 10 जून 2024 को भोपाल से पीपुल ग्रुप के प्रशिक्षक सुश्री वेणु तनुजा एवं अतीक द्वारा शिक्षकों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा लाइट हाउस नोडल विद्यालय की अवधारणा, मानकों एवं कक्षा में प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण किस प्रकार दिया जावे,के बारे में विस्तार से बताया। वर्षभर चलने वाली शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक गतिविधियां कैसे बेहतर ढंग से संचालित करते हुए उनकी निरंतरता बनाई रखी जा सके ताकि विद्यार्थियों का बहुमुखी विकास हो सके एवं अन्य सभी विद्यालय भी प्रेरित होकर अनुसरण कर सके । इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण सहायक संचालक शिक्षा मनोज जैन व सुजानमल मांगरिया,प्राचार्य किशोर सिंह जैन ने कर किया ।कार्यशाला संचालन शिक्षिका सोनम शर्मा एवं आभार उप प्राचार्य महेश शर्मा ने व्यक्त किया।

### स्थाईकर्मी हेतु जनभागीदारी अध्यक्ष महोदय श्री बाफना को सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में शासन के निर्दषानुसार (म.प्र. शासन उच्चषिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल का आदेश क्र0 09/05/23 एवं 05/10/23) विभिन्न पात्र कर्मचारियों को स्थाईकर्मी योजना का लाभ प्रदान किये जाने हेतु दिनांक 11 जुन 2024 को सभी कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर जनभागीदारी अध्यक्ष-श्री विजय जी बाफना से मिलकर ज्ञापन के माध्यम् से अपनी समस्याओं से अवगत कराया, उन्होनें समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आष्वासन दिया। कर्मचारियों ने अध्यक्ष महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया, इस अवसर पर समस्त जनभागीदारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## नीमच जिले की सम्पूर्ण प्रशासनिक एवं पुलिस की टीम ने निर्वाचन में अभूतपूर्व कार्य किया है-श्री जैन

**जिला निर्वाचन कार्यालय व्दारा अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान समारोह सम्पन्न**




**नीमच।** 11 जून 2024, नीमच जिले के नागरिक काफी अच्छे है, प्रशासन के हर एक आयोजन गतिविधियों में बढचढ कर सहयोग करते है। नीमच जिले की सम्पूर्ण प्रशासनिक एवं पुलिस की टीम ने भी निर्वाचन में अदभुत कार्य किया है। स्वीप के तहत जिले में आयोजित गतिविधियों, नवाचारों को भी सभी ने सराहा है। निर्वाचन में सभी ने अपने कर्तव्यों को अच्छे से निवर्हन किया है। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने सोमवार की शाम को जिला निर्वाचन कार्यालय व्दारा लोकसभा निर्वाचन सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर आयोजित अधिकारी कर्मचारियों के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, सीएसपी अभिषेक रंजन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रीती संघवी, डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिह धार्वे, उप जिला अधिकारी संजीव साहू, जिला नोडल अधिकारी, सभी एआरओ, निर्वाचन में लगे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

इस सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं एसपी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, उत्कृष्ट स्वीप गतिविधियों के लिए जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, सभी एआरओ और उनकी टीम सीएमओ, जनपद सीईओ और उनकी टीम सभी, जिला नोडल अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर डॉ.राजेश पाटीदार, अक्षय सिह बावेल, मनोज जैन, एमसीएमसी सदस्य नरेंद्र कुमार व्यास व जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में एसपी अंकित जायसवाल, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, एसडीएम राजेश शाह व श्री पवन बारिया, ने भी लोकसभा निर्वाचन के अपने अनुभवों को विस्तार से साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजेश पाटीदार ने किया तथा अंत में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू ने सभी का आभार माना। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से कलेक्टर श्री जैन को अभिनन्दन पत्र भेंट किया गया।

जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने भी कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेट किया सम्मान समारोह का समापन स्नेह भोज के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## घटिया सड़क निर्माण की जांच को लेकर कल्याण कमलमय समर्थक समिति ने सोंपा जिला कलेक्टर को ज्ञापन




**नीमच।** वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर क्लासिक क्राउन डी ब्लॉक शगुन रेसिडेंसी के सामने मेन रोड़ पर सड़क निर्माण की शुरुआत में ही ठेकेदार संजय शर्मा व नगर पालिका इंजीनियर उप यंत्री ओ पी परमार की मिली भगत के चलते बड़े नाले पर स्लैब नहीं डाली गई जिससे आए दिन दुर्घटना होकर आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है सड़क निर्माण के दौरान भी नियम अनुसार सैंपल लेकर स्टेंच (मजबूती) की जांच नहीं की गई जो कि ठेकेदार और नगर पालिका अधिकारियों की मिली भगत को उजागर करती है सड़क निर्माण के दौरान नियम अनुसार स्वतंत्र कोर कटिंग नहीं कराई जाकर कोर टेस्ट भी ठेकेदार व अधिकारी द्वारा नहीं कराया गया है जो की गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है सड़क निर्माण कार्य में उपयंत्री ओ पी परमार की भूमिका भी सादिगंध रही है सड़क के दोनों और बारिश के पानी के निकास हेतु व्यवस्थित नाली निर्माण भी नहीं किया गया जबकि स्वयं नगर पालिका उप यंत्री ओपी परमार व ठेकेदार संजय शर्मा ने दोनों तरफ नाली बनाने की बात कही थी जिसे भी इनके द्वारा अभी तलक नहीं बनाया गया साथ ही आने जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क से लगा नाला भी खुला छोड़ दिया गया है जिस पर भी इनके द्वारा आर सी सी निर्माण कर नाला सही नहीं किया गया जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है कई बार वार्ड पार्षद द्वारा सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार व नगर पालिका कर्मचारी से सड़क निर्माण की गुणवत्ता व नालियां बनाने की बात को लेकर कई बार बहस भी होती रही है लेकिन इन लोगों द्वारा स्पष्ट शब्दों में कहा जाता है कि तुमसे जो हो कर लो जहां शिकायत करनी हो कर लो हमारी मर्जी पड़ेगी तो हम नाली बनाएंगे नहीं तो नहीं बनाएंगे वार्ड पार्षद ने ठेकेदार व नगर पालिका कर्मचारी के द्वारा की जा रही हठ धर्मिता को लेकर उच्च अधिकारियों से बात की तो उच्च अधिकारियों ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया क्योंकि वार्ड नंबर 8 आदिवासी वार्ड होने के साथ-साथ उक्त वार्ड पार्षद निर्दलीय व आदिवासी होने के चलते ठेकेदार व नगर पालिका कर्मचारी द्वारा इनको डराया धमकाया जाता है वार्ड की ज्ञापन में दर्शायी सभी समस्याओं व सड़क की गुणवत्ता की जांच को लेकर कल्याण कमलमय समर्थक समिति द्वारा जिला कलेक्टर सा. को ज्ञापन सोप सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच एवं सड़क के दोनों और नाली निर्माण व दुर्घटना को दावत देने वाले नाले को आर सी सी निर्माण कर बंद करवाने की मांग की गई।

उक्त ज्ञापन सोपते समय कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालिंटियर भाजपा) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार, जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर दंशाना (पार्षद वार्ड नंबर 08), महामंत्री समरथ राठौर, संगठन मंत्री रोहित माली, जिला प्रचारक दिलीप लालवानी,शहर अध्यक्ष विक्की धुलिया एवं अन्य साथीगण उपस्थित रहे ।

## विधायक श्री परिहार ने कैबिनेट मंत्री शिवराजसिंह चौहान व राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया

**स्वागत अन्य मंत्रीयों को बधाई शुभकामना दे कहा होगा देश का चहुंमुखी विकास**



**नीमच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के नवगठित मंत्रिमण्डल में मध्यप्रदेश से पांच मंत्री सम्मिलित किए जाने से उत्साहपूर्ण माहौल है। नीमच क्षेत्र के विधायक दिलीप सिंह परिहार ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान में केबिनेट मंत्री षिवराजसिंह चौहान व श्रीमती सावित्री ठाकुर को केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने पर पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत कर बधाई शुभकामनायें दी। साथ ही ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी केबिनेट मंत्री एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार तथा दुर्गा दास उईके को राज्य मंत्री बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के विकास को और तेज विकास की गति मिलेगी तथा सर्वहारा वर्ग को भरपूर लाभ मिल सकेगा एवं किसान, महिलाओं, युवाओं तथा गरीब वर्ग लाभान्वित हो सकेगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चित्रकला रंगोली पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न

**जीरन।** जीरन नगर परिषद द्वारा जल की हर बूंद बचाना है, हर जल स्रोत को स्वच्छ बनाना हैउद्देश्य को लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब की सफाई की गई। नगर परिषद कार्यालय मे स्कूली बच्चों द्वारा रंगोली,चित्रकला,निबंध प्रतियोगिता का आयोजित की गई। जिसमें प्रथम और व्दितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष श्री रामकरण सगवारिया न.प.उपाध्यक्ष मुकेशराव तावरे, पार्षद प्रतिनिधि किशन अहिरवार, दिलीप सुथार, राजेश लक्षकार, हरिओम माली, नगर परिषद के कर्मचारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जल संरक्षण को लेकर चित्रकला प्रतियोगिताऐं आयोजित



**नीमच।** जल गंगा सर्वधन अभियान के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद जिला नीमच के जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं ब्लॉक समन्वयक महेन्द्रपाल सिंह भाटी के मार्गदर्शन में जल संरक्षण को लेकर नवांकुर संस्था हेल्पिंग हैंड्स सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जल संरक्षण विषय पर सिंगोली मे चित्रकला प्रतियोगिता करवाई। इस दौरान संस्था के विश्वास खंडेलवाल,शिव शर्मा ने जल संरक्षण पर जागरूकता शपथ भी करवाई। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बालागंज में स्कूल बच्चों के साथ चित्रकला का आयोजन किया गया और बच्चों को जल संरक्षण के बारे में संस्था प्रभारी नरेन्द्र सिंह चौहान द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। जल संरक्षण विषय पर ग्राम नेवड़ में बालिकाओं की चित्रकला प्रतियोगिता करवाई। जिसमें कुमारी तनुजा बैरागी राधा बैरागी दीपिका खाती बीरा खाती भाबिका मालवीय वंशिका खाती आयुषी संजना बैरागी हर्षिता खाती पूनम सोलंकी निधि का दमामी राखी दमामी तथा बालक कुणाल दमामी मैं भाग लिया प्रतियोगिता का निर्णय ग्राम की महिलाओं द्वारा करवाया गया जिसमें प्रथम स्थान संजना बैरागी तथा द्वितीय स्थान कुणाल दमामी तृतीय स्थान तनुजा बैरागी एवं सांत्वना पुरस्कार राखी दमामी ने प्राप्त किया इस दौरान संस्था कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के धीरज बैरागी सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे ।

## कुत्ता पीड़ित संगठन ने पांच सूत्रीय मांग को लेकर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया आवेदन

**नीमच।** नगर पालिका क्षेत्र के साथ संपूर्ण नीमच जिले में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है राह चलते लोगों के साथ डॉग बाइट की घटनाएं निरंतर हो रही है इन घटनाओं में मासूम बच्चे और बुजुर्ग सहित महिलाएं घटना का शिकार हो रही है कई बार शिकायत होने के बावजूद भी नगर पालिका द्वारा अब तक कुत्तों को पकड़ने और आक्रामक कुत्तों को रखने के लिए कोई स्थान नहीं बनाया गया है वही नगरपालिका द्वारा पूर्व में कुत्तों की नसबंदी के लिए टेंडर निकाला गया था और ठेका भी दिए गया था परंतु बावजूद उसके कुत्तों की नसबंदी का कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया और कुत्तों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है उक्त मामले में भी कुत्ता पीड़ित संगठन ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं ।

कुत्ता पीड़ित संगठन के सदस्य मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे जहां उन्होंने पांच सूत्रीय मांग पत्र कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसमें उन्होंने बताया कि कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए जल्द से जल्द नसबंदी का कार्य प्रारंभ किया जाए, कुत्तों को नियमानुसार पड़कर गांधी सागर अभ्यारण में छोड़ जाए, लापरवाही और उदासीनता बरते बिना तत्काल प्रभाव से शहर में आतंक फैला रहे कुत्तों को पकड़ कर ट्रेंचिंग ग्राउंड में बनाए गए नपा के शेल्टर हाउस में रखा जाए, जिला अस्पताल के साथ ही नीमच जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर कुत्तों के काटने के उपरांत लगने वाले इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए, पिछले लंबे समय से नगर पालिका प्रशासन पशु प्रेमियों का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है जिसमें पशु प्रेमी और नगर पालिका के बीच सामंजस बिठाकर कुत्तों की समस्या का स्थाई निराकरण निकल जाए,दिए गए आवेदन में कुत्ता पीड़ित संगठन ने चेतावनी दी है कि उक्त मांगों पर सात दिवस में कोई सकारात्मक परिणाम नजर नहीं आते हैं तो कुत्ता पीढ़ीत संगठन आम जनता के सहयोग से आंदोलन को मजबूर होगा।

## प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 3 हजार 600 करोड से अधिक के काम हो रहे है




**प्रदेश के सभी जिलों का आगामी पांच साल के विकास का रोडमेप बनाए-डॉ.यादव**

**मुख्यमंत्री ने की जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा**

**नीमच।** प्रदेश के सभी जिले अपने-अपने जिले और विधानसभा क्षेत्रों का आगामी पांच सालों में विकास का रोडमेप बनाएं। जिले और प्रदेश को आगे बढाने एवं विकास के लिए प्राप्त सुझावों को भी रोडमेप में शामिल करें। जनसहभागिता से प्रदेश को विकास की राह पर और आगे बढाने का प्रयास करें। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंगलवार को निवास स्थित समत्व भवन में वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी जिलों में जल संरक्षण एवं जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्यो की समीक्षा करते हुए कही। इस मौके पर मंत्री श्री कैलाश विजय वर्गीय एवं मुख्य सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे।

इस वीसी में बताया गया कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 3672 करोड के काम हो रहे है। यह अभियान गंगा दशहरा तक चलेगा। इसके माध्यम से जल संरचनाएं पुराने कुएं, बावडी, तालाब, नदी, पोखर, आदि सभी जल संरचना को पुर्नजीवित करने का काम किया जा रहा है। वीडीयों कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिलों में अब तक हुए कार्यो और भविष्य में प्रस्तावित कार्यो की जानकारी भी ली।

नीमच के एनआईसी कक्ष में इस वीसी में विधायक जावद ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, कलेक्टर दिनेश जैन, एसपी अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, एवं डीएफओ एस.के.अटोदे भी मौजूद थे। विधायक श्री सखलेचा व श्री मारू ने वन राजस्व, सीमा विवादों के निराकरण का सुझाव दिया- इसी वीडियों कांफ्रेंसिंग में विधायक जावद ओमप्रकाश सखलेचा ने वन राजस्व सीमा भूमि विवाद के प्रकरणों के निराकरण का सुझाव देते हुए कहा, कि नीमच जिले में लगभग पांच हजार प्रकरण वन राजस्व सीमा विवाद के है। उन्होने इन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में पृथक से सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी, (डिप्टी कलेक्टर) की पदस्थापना करने का सुझाव भी दिया।

विधायक अनिरूद्ध मारू ने भी वन, राजस्व सीमा विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बार संयुक्त निरीक्षण कर राजस्व वन भूमि विवाद का स्थाई हल हो जाना चाहिए और जो सीमा निर्धारित हो, उसी पर ही वन व राजस्व विभाग कायम रहे। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित हो, जिससे कि किसानों को कोई असुविधा ना हो। विधायक जावद व मनासा के सुझाव पर मुख्य सचिव म.प्र.ने ए.सी.एस.डॉ.राजेश राजोरा को वन राजस्व सीमा विवाद के प्रकरणों का समुचित समाधान करवाने के लिए कहा है।

## सिंगोली कस्बा पटवारी पर धोखाधड़ी करने का आरोप

**आपराधिक मुकदमा दर्ज कर पदमुक्त करने की माँग**

**सिंगोली।** सिंगोली के तत्कालीन कस्बा पटवारी पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निजी व्यक्तियों का एजेंट बनकर उन्हें लाभ पहुँचाने एवं धोखाधड़ी कर विधि विरुद्ध गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आरोप लगाते हुए पटवारी पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की माँग को लेकर सिंगोली निवासी नवीन पिता अनिलकुमार तिवारी ने तहसीलदार सिंगोली को एक आवेदन पत्र दिया है।गत दिनों स्थानीय तहसील कार्यालय में तहसीलदार को सम्बोधित कर नवीन तिवारी द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र में बताया ।

कि तहसील कार्यालय के प्रकरण क्रमांक 02/अ 13/2024-25 में तत्कालीन सिंगोली कस्बा पटवारी पीसी शुक्ला ने अपने पद का दुरुपयोग कर मुबारिक हुसैन व उसके साथ सम्मिलित व्यक्तियों का एजेंट बनकर उन्हें लाभ पहुँचाने की नीयत से कौशल्याबाई के स्वामित्व और आधिपत्य की निजी खाता भूमि को उनके खाते की नहीं बताते हुए मनमाने तरीके से गलत प्रतिवेदन/नजरी नक्शा/पंचनामा प्रस्तुत कर दिया जबकि पटवारी नक्शे में सर्वे नम्बर 70 का बटा-बटी नम्बर नहीं होकर तरमीम ही नहीं है।

तथा मौके पर कोई सीमांकन भी नहीं किया गया फिर भी पटवारी पीसी शुक्ला ने न जाने कौन से दिव्य ज्ञान से कौशल्याबाई के स्वामित्व व आधिपत्य की निजी खाता भूमि को उनके खाते की भूमि नहीं होना लिख दिया और जल्दबाजी कर बिना पढ़ाए धोखे से पंचनामे पर हस्ताक्षर करा लिए।नवीन तिवारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में पटवारी पर गम्भीर दुराचरण व धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए यह भी बताया कि पटवारी द्वारा शासकीय दस्तावेजों में भी मनमाने तौर से हेराफेरी की है जो पटवारी पीसी शुक्ला का आपराधिक कृत्य होकर इन पर फौजदारी मुकदमा दर्ज कर पद मुक्त किया जाना योग्य व न्यायोचित है।

उल्लेखनीय है कि सर्वे नम्बर 70 का पूर्व में भी पटवारी नक्शे में बटा-बटी नम्बर नहीं होकर तरमीम ही नहीं होने के उपरांत भी सर्वे नम्बर 70 का सीमांकन किया गया था जिसे हाईकोर्ट इंदौर द्वारा निरस्त कर दिया गया था ।

## मनासा में दूकान संचालक पर युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**मनासा।** नीमच जिले की मनासा तहसील का एक मामला सामने आया है जहां पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर काम करने वाली युवती को साथ में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज हुआ है।

जानकारी के अनुसार मनासा के बस स्टैंड के पास इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर काम करने वाली युवती के साथ दुकान के ही संचालक के द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत मनासा थाने भी पहुंची, प्राप्त जानकारी अनुसार पीड़िता परिजनों के साथ सोमवार को मनासा थाने में पहुचकर लिखित शिकयत दर्ज करवाई की दुकान संचालक आरोपी विनोद पिता कैलाशचंद्र शर्मा ने 2 जून को मुजे फोन लगाकर बुलाया और अपनी कार में बैठाकर जेतपुरा फंटे के समीप वाटर पार्क की तरफ ले गया, और मेरे साथ गलत काम किया।

फिर उसने यह बात किसी को भी ना बताने की बात कहीं। मामले में युवती और उसके परिजनों की और से मनासा थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

मनासा पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा- 376, 366, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं आरोपी की तलाश जारी है।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# भारत-पाकिस्तान के बीच हुए वो पांच यादगार मुकाबले, जब फैंस की रुक गई थी सांसे; फिर जो हुआ वो चमत्कार से कम नहीं



**9 जून को भारत और पाकिस्तान न्यूयॉर्क में आमने-सामने होंगे। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में यह 8वीं बार होगा जब दोनों टीमें आपस में मुकाबला खेलेंगी। इससे पहले हुए 7 मुकाबलों में भारत का पलड़ा पाकिस्तान पर भारी है। भारत ने 6 बार तो पाकिस्तान ने एक बार जीत दर्ज की है। न्यूयॉर्क में कौन किस पर बाजी मारेगा ये तो वक्त ही बताएगा।**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 वर्ल्ड कप में कई बेहतरीन मैच खेले गए हैं। इनमें से कुछ मैच टूर्नामेंट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ मैच माने जाते हैं। इनमें से सबसे हालिया मैच 2022 में हुआ था जो दोनों टीमों के फैंस की यादों में बसा हुआ है। जब भी दोनों टीमें एक-दूसरे से भिड़ती हैं तो हाईवोल्टेज मुकाबला देखने को मिलता है।

भारत और पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप में 7 बार आमने-सामने हो चुके हैं जिसमें भारत ने 6-1 से जीत दर्ज की है। इस बार 8वीं बार दोनों टीमें आमने-सामने होगीं। आज हम टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में दोनों टीमों के बीच हुए टॉप-5 सबसे शानदार मैच के बारे में बात करें जो हर क्रिकेट फैंस की जहन में बसा हुआ है।

**5. ईडन गार्डन्स में द कोहली शो**

2016 टी20 वर्ल्ड कप में पहली बार भारत मेजबानी कर रहा था। बारिश से प्रभावित मैच में भारत ने ईडन गार्डन्स में पाकिस्तान का सामना किया। निर्धारित 18 ओवरों में पाकिस्तान 5 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 118 रन ही बना सका। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 23/3 पर सिमट गया। इसके बाद विराट कोहली ने 37 गेंद पर नाबाद 55 की शानदार पारी खेलकर भारत को यादगार जीत दिलाई।

**4. 10 विकेट से हारने का गम**

वनडे और टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भारत के खिलाफ एकमात्र जीत 2021 टी20 विश्व कप में आई थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत सिर्फ 151 रन बना पाया। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा आसानी से किया। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की सलामी जोड़ी ने क्रमशः 68(52) और 79(55) रन बनाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत को 10 विकेट से हराकर गहरा जख्म दिया था।

**3. विराट कोहली का मास्टरक्लास**

2021 में मिली हार भारतीय क्रिकेट फैंस के बहुत चुभी थी। इस बदला साल 2022 में मेलबर्न में लिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने इफ्तिखार अहमद की शानदार पारी की बदौलत 159 रन बनाए। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत एक समय 39/4 पर सिमट गया था। तब विराट कोहली ने हार्दिक पांड्या की मदद से एक शानदार रन चेज किया। चेज मास्टर ने नाबाद 82* (53) रन बनाकर एक और अविश्वसनीय पारी खेली थी।

**2. भारत का ऐतिहासिक पल**

वनडे वर्ल्ड कप 2007 में बुरी तरह हारने के बाद, टी20 विश्व कप 2007 के लिए एक युवा टीम भेजी गई। फाइनल में पाकिस्तान को हराकर भारत पहला चैंपियन बना। गौतम गंभीर की पारी और इरफान पठान की गेंदबाजी मुख्य आकर्षण थी। आखिरी ओवर में जोगिंदर शर्मा का हौसला और श्रीसंत का मिस्बाह उल हक कैच पकड़ना क्रिकेट फैंस के जहन में छप गया था।

**1. सबसे महान टी20 मैच**

2007 के विश्व कप में भारत ने ग्रुप डी के 10वें मैच में डरबन में पाकिस्तान का सामना किया। मोहम्मद आसिफ की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत सिर्फ 141 रन ही बना पाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान एक समय 87/5 पर सिमट गया था। मिस्बाह उल हक के प्रयासों के बावजूद स्कोर बराबर हुआ। टी20 विश्व कप में पहले और एकमात्र बॉल-आउट में भारत ने अपनी रणनीति के दम पर पाकिस्तान को हराया।

# बुधवार को भगवान गणेश की पूजा, घर में होगा खुशियों का आगमन

**बुधवार का दिन जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण और गणेश जी की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही सभी संकटों को दूर करने करने के लिए व्रत भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सच्चे मन से भगवान गणेश की पूजा करने से घर में सुख समृद्धि और खुशहाली का आगमन होता है।**

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म में बुधवार के दिन का बेहद खास महत्व है। क्योंकि इस दिन जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण और गणेश जी की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही सभी संकटों को दूर करने करने के लिए व्रत भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सच्चे मन से भगवान गणेश की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली का आगमन होता है। अगर आप भी गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं, तो बुधवार के दिन सुबह स्नान करने के बाद गणेश जी की विधिपूर्वक उपासना करें। आइए जानते हैं गणपति बप्पा की पूजा विधि के बारे में।

भगवान गणेश की पूजा विधि

बुधवार को सुबह जल्दी उठें और भगवान गणेश का ध्यान करें।

इसके बाद स्नान कर सूर्य देव को जल अर्पित करें।

अब एक चौकी पर साफ कपड़ा बिछाएं और गणेश जी की प्रतिमा विराजमान करें।

अब प्रभु को माला और दूर्वा घास अर्पित करें।

इसके बाद देशी घी का दीपक जलाएं और आरती करें।

गणेश चालीसा का पाठ और मंत्रों का भी जप करें।

अंत में बूंदी का लड्डू या फिर मोदक का भोग लगाएं।

गरीब लोगों में अन्न, धन और भोजन का दान करें।

**इन चीजों का लगाएं भोग**

ऐसा माना जाता है कि भगवान गणेश को गणेश जी लड्डू प्रिय है। ऐसे में उन्हें मोतीचूर के लड्डू का भोग लगाएं। इसके अलावा फल, खीर और मिठाई का भी भोग लगा सकते हैं। मान्यता है कि इन चीजों का भोग लगाने से प्रभु प्रसन्न होते हैं।

भोग लगाते समय इस मंत्र का जरूर करें जप

त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये। गृहाण सम्मुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर ।।

इस मंत्र के द्वारा भगवान को भोग लगाते समय प्रार्थना करें कि गणपति बप्पा हमारा भोग स्वीकार करें और हम पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें।

SAVE WATER
SAVE TREE

# अगर कर लिया ये काम तो लोन लेने वाले की मौत के बाद कर्ज हो जाएगा माफ




**Bank Loan Waived Off आज के समय में हमें पैसों की जरूरत होती है तो हमें सबसे पहला ध्यान लोन का आता है। लेकिन कभी आपने सोचा है कि अगर लोन लेने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तब लोन की राशि किसे देनी पड़ेगी। क्या बैंक लोन को माफ कर देती है? आइए इस सवाल का जवाब जानते हैं।**

**नई दिल्ली।** एक दौर था जब पैसों की जरूरत पड़ने पर हमें रिश्तेदारों से उधार मांगना पड़ता था फिर सामान गिरवी रखना पड़ता था। वहीं, वर्तमान में हमें ऐसे करने की जरूरत नहीं पड़ती है। आज के समय में हमें पैसों की जरूरत होती है तो सबसे पहला ध्यान लोन का आता है। हमें घर बनाना है या फिर कार खरीदना है तो हमें इन सब के लिए अलग से लोन ले सकते हैं। बैंक या वित्तीय संस्थान हमें होम लोन पर्सनल लोन कार लोन एजुकेशन लोन की तरह अन्य प्रकार के लोन देता है। लेकिन, कभी आपने सोचा है कि अगर लोन लेने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तब लोन की राशि किसे देनी पड़ेगी। कई लोगों का मानना है कि अगर लोन धारक की मृत्यु हो जाती है तब बैंक लोन को माफ कर देती है।

**कैसे माफ होता है लोन**

लोन लेते समय लोन धारक को कोई गारंटी जरूर देनी होती है। वहीं, कई लोन में गारंटर का होना भी जरूरी होता है। ऐसे में अगर किसी स्थिति में लोन धारक की मृत्यु हो जाती है तो बैंक लोन धारक के उत्तराधिकारी से या उसके परिवार से लोन की राशि लेते हैं। लोन धारक के उत्तराधिकारी से या उसके परिवार के पास एक तरीका होता है जिसकी मदद से उनको लोन नहीं चुकाना पड़ता है। अगर लोन धारक ने लोन लेते समय लोन का इंश्योरेंस किया है तब लोन माफ हो सकता है। लोन धारक की मृत्यु के बाद बैंक इंश्योरेंस के प्रीमियम से बकाया राशि वसूलता है। ऐसे में लोन की राशि परिवार के सदस्य को चुकाना नहीं पड़ता है। अगर लोन धारक ने क्रेडिट कार्ड लोन या पर्सनल लोन लिया है तब बैंक परिवार से लोन की राशि नहीं वसूल सकता है। दरअसल, इस तरह के लोन अनसिक्योर्ड लोन में आते हैं। इस लोन की भरपाई बैंक खुद करता है। बैंक लोन को एनपीए में घोषित करता है।

# वृंदावन जाने का बना रहे हैं मन, तो लौटते समय अपने साथ जरूर लाएं ये चीजें

**सनातन मान्यताओं के अनुसार कृष्ण जी को भगवान विष्णु का 8वां अवतार माना जाता है। भगवान श्री कृष्ण ने अपने जीवन का अधिकतम समय वृंदावन में बिताया है इसलिए इस स्थान को बहुत ही पवित्र माना गया है।**

**नई दिल्ली।** वृंदावन के मंदिरों के दर्शन के लिए देश-विदेश से लोग यहां पहुंचते हैं। वृंदावन में भगवान कृष्ण और राधा रानी के कई मंदिर मौजूद हैं, जिन्हें लेकर अलग-अलग मान्यताएं प्रचलित हैं। ऐसे में यदि आप भी वृंदावन घूमने का मन बना रहे हैं, तो वहां से लौटते समय अपने साथ वृंदावन की ये कुछ चीजें जरूर लाएं। ऐसा करने से आपको भगवान कृष्ण और राधा रानी की कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

**जरूर लाएं ये चीज**

वृंदावन से लौटते समय अपने साथ वृंदावन की मिट्टी अर्थात ब्रज की रज लाना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस मिट्टी को उस स्थान पर रख दें, जहां आप भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं, ऐसा करने से सभी प्रकार के दुख-दर्द दूर होते हैं।

**कर सकते हैं ये काम**

आप ब्रज से लाई गई इस मिट्टी को एक लाल कपड़े में बांधकर अपने घर की तिजोरी में भी रख सकते हैं, इससे आपको धन लाभ देखने को मिलेगा। साथ ही इस रज से रोजाना तिलक की तरह अपने माथे पर लगाने से भगवान कृष्ण और राधा रानी की कृपा प्राप्त हो सकती है।

**नकारात्मकता होगी दूर**

अपनी आप अपने भाग्य में वृद्धि करना चाहते हैं, तो इसके लिए वृंदावन से लौटते समय अपने साथ यमुना का जल लेकर आ सकते हैं। क्योंकि यह माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने स्वयं यहां यमुना में कई लीलाएं की हैं। इस जल का छिड़काव अपने पूरे घर में करना चाहिए। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा घर से दूर बनी रहती है।

# एग्जिट पोल के झटके से उबरा स्टॉक मार्केट- पिछले हफ्ते 3 फीसदी चढ़े सेसेंक्स और निफ्टी, अब आगे क्या

**एग्जिट पोल के बाद सोमवार को निवेशकों ने स्थिर सरकार आने के अनुमान की वजह से भारी खरीदारी की। लेकिन मंगलवार यानी 4 जून को नतीजे एग्जिट पोल के अनुमान से मेल नहीं खा रहे थे। इससे शेयर मार्केट का सेंटिमेंट खराब हुआ और निवेशकों ने बिकवाली खासकर पैनिक सेलिंग की। लेकिन आखिरी तीन कारोबारी सत्रों में बाजार ने अच्छी रिकवरी की।**

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते देश की सियासत में जबरदस्त उतार-चढ़ाव दिखा। पल-पल बदलते राजनीतिक हालात का पूरा असर शेयर मार्केट पर भी दिखा। 1 जून को लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल के नतीजे आए। सभी एग्जिट पोल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में बीजेपी अकेले भारी बहुमत के साथ सत्ता में आ रही है।

**एग्जिट पोल ने किया भावनाओं से खेल**

एग्जिट पोल शनिवार को आया और उस दिन शेयर मार्केट बंद था। बाजार खुला सोमवार को निवेशकों ने स्थिर सरकार आने के अनुमान की वजह से भारी खरीदारी की। स्टॉक मार्केट करीब तीन फीसदी तक उछल गया। लेकिन, मंगलवार यानी 4 जून को लोकसभा चुनाव के असल नतीजे एग्जिट पोल के अनुमान से मेल नहीं खा रहे थे। खुद पीएम मोदी कुछ वक्त तक वाराणसी की सीट से पीछे चले। इससे शेयर मार्केट का सेंटिमेंट खराब हुआ और निवेशक बिकवाली, खासकर पैनिक सेलिंग करने लगे। बीएसई का सेसेंक्स एक वक्त करीब 7 फीसदी तक टूट गया। निफ्टी में भी भारी गिरावट दिखी। एक दिन पहले जिन सरकारी कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी आई थी, वे एक झटके में धड़ाम हो गए। निवेशकों के लाखों करोड़ रुपये एक झटके में खाक हो गए। हालांकि, शाम तक तस्वीर साफ हो गई कि बीजेपी को भले अकेले पूर्ण बहुमत नहीं मिला, लेकिन सहयोगियों के दम पर सरकार एनडीए की बन जाएगी और पीएम नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे। इससे निवेशकों का हौसला बढ़ा और उन्होंने वापस बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को जमकर खरीदारी की। इससे शेयर मार्केट अच्छा रिकवर किया।

**सेसेंक्स और निफ्टी ने बनाया नया हाई**

शुक्रवार को आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति का एलान किया और ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। साथ ही, केंद्रीय बैंक ने जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को बढ़ाया। इससे भी बाजार को बड़ा बूस्ट मिला। बीएसई सेसेंक्स (Sense) ने शुक्रवार को 76,795.31 और निफ्टी (Nifty) ने 23,338.70 का नया हाई बनाया। सेसेंक्स 3.69 फीसदी यानी 2,732 अंक उछलकर 76,693.36 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 3.37 फीसदी यानी 759 प्वाइंट चढ़कर 23,290 के स्तर पर पहुंच गया।

**रिकवर हुआ निवेशकों का पूरा नुकसान**

एग्जिट पोल के बाद निवेशकों का जो भारी नुकसान हुआ था, वो नई सरकार के गठन से पहले तकरीबन पूरा रिकवर हो चुका है। वह भी सिर्फ तीन ट्रेडिंग सेशन में। यह रकम 28 लाख करोड़ रुपये से अधिक थी। पिछले हफ्ते स्मॉल, मिड और लार्ज कैप इंडेक्स में भी 3-3 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई।

**आगे के लिए क्या हो निवेश रणनीति?**

शेयर मार्केट के एक्सपर्ट का मानना है कि सेसेंक्स और निफ्टी में काफी तेजी आई है और यह सिलसिला जारी रह सकता है। अगर निफ्टी 23000 के स्तर से नीचे जाएगा, तभी निवेशक मुनाफावसूली करेंगे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा, उच्च स्तर पर सूचकांक 23500-23600 की ओर बढ़ सकता है। वहीं, निचले स्तर पर 23000 से नीचे ही मुनाफावसूली हो सकती है। रुपया भी मजबूत होकर 0.11 रुपये बढ़कर 83.40 पर बंद हुआ।

# 3 वर्षों में 84 से 76 किमी प्रति घंटे हो गई वंदे भारत की औसत गति

**आरटीआई के जरिए जवाब मांगे जाने पर रेल मंत्रालय ने जानकारी दी कि वंदे भारत की औसत गति 3 वर्षों में 84 से घटकर 76 किमी प्रति घंटे हो गई। मंत्रालय ने ट्रेन की गति कम होने का कारण बताया है। अधिकारियों ने बताया कि वंदे भारत के साथ ही कई दूसरी ट्रेनों की गति भी प्रभावित हुई है खास तौर से जिनके रास्तों पर निर्माण कार्य जारी हैं।**

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने एक आरटीआई के जवाब में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की गति को लेकर नई जानकारी दी है। इसके अनुसार, वंदे भारत ट्रेनों की औसत गति 2020-21 में 84.48 किमी प्रति घंटे थी। 2023-24 में यह घटकर 76.25 किमी प्रति घंटे पर आ गई है।

अधिकारियों ने बताया कि वंदे भारत के साथ ही कई दूसरी ट्रेनों की गति भी प्रभावित हुई है, खास तौर से जिनके रास्तों पर निर्माण कार्य जारी हैं। इसके अलावा, कुछ वंदे भारत ट्रेनों की आवाजाही ऐसे इलाकों में शुरू की गई है, जहां भौगोलिक कारणों या मौसम के चलते उनकी गति पर असर पड़ा है।

इन कारणों से कम हुई औसत स्पीड

सेंट्रल रेलवे जोन के अधिकारी ने इसे लेकर मुंबई सीएसएमटी और मडगांव के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का उदाहरण दिया।

उन्होंने कहा, कोंकण रेलवे जोन का अधिकांश हिस्सा घाट खंड है जहां ट्रेनें कम ऊंचाई वाली पर्वत श्रृंखलाओं से होकर गुजरती हैं। यह कठिन इलाका है। जहां तेज गति के साथ सुरक्षा को लेकर समझौता करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान भी हालात चुनौतीपूर्ण हो जाते हैं। इस दौरान हमें सभी ट्रेनों की अधिकतम गति 75 किमी प्रति घंटे तक रखनी होती है। मध्य प्रदेश के रहने वाले चंद्र शेखर गौड़ नाम के शख्स ने आरटीआइ दायर किया था। इसके जरिए उन्होंने देश में दौड़ रहीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की गति के बारे में जानकारी मांगी थी।

# आइफोन बनाने वाली कंपनी का जल्द अधिग्रहण करेगा टाटा समूह, समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया




**नई दिल्ली।** जेएनएन। टाटा समूह जल्द ही एपल के लिए ठेके पर आइफोन बनाने वाली कंपनी का अधिग्रहण करने जा रही है। इस संबंध में समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है और अगस्त तक इसका मालिकाना हक टाटा के पास आ जाएगा। यह पहली बार होगा कि कोई घरेलू कंपनी आइफोन की असेंबली में कदम रखेगी। हालांकि इस मामले पर टाटा, विस्ट्रान और एपल के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**60 करोड़ डॉलर से अधिक का हुआ समझौता**

मीडिया में इस तरह की खबरें हैं कि दक्षिण कर्नाटक में विस्ट्रान कार्प की फैक्ट्री का अधिग्रहण टाटा समूह करने वाला है। इस सौदे की संभावित कीमत 60 करोड़ डॉलर से अधिक है। यहां 10,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, जो नवीनतम आइफोन 14 माडल को असेंबल करते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक विस्ट्रान ने राज्य समर्थित वित्तीय प्रोत्साहन हासिल करने के लिए मार्च 2024 तक कारखाने से कम से कम 1.8 अरब डॉलर मूल्य के आइफोन की थोक बिक्री की प्रतिबद्धता जताई है।

**फॉक्सकॉन भी करते हैं आइफोन की असेंबलिंग**

इसने अगले वर्ष तक कारखाने के कार्यबल को तीन गुना करने की भी योजना बनाई है। टाटा इन प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए तैयार है।

चालू वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों के दौरान विस्ट्रान ने भारत से लगभग 50 करोड़ डालर के आइफोन का निर्यात किया। फॉक्सकॉन और पेगाट्रान कॉरपोरेशन भी एपल के लिए देश में आइफोन की असेंबलिंग करते हैं।

# इंटरनेशनल लेवल पर सोने की कीमतों में आई गिरावट, चीन द्वारा सोने की खरीद में ठहराव



**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। विश्लेषकों ने इस गिरावट का मुख्य कारण अमेरिका में उम्मीद से अधिक रोजगार वृद्धि तथा प्रमुख खरीदार चीन की ओर से कमजोर खरीद बताया। बेंचमार्क सोने का वायदा 2.43त्न की गिरावट को दर्शाते हुए 2332.85 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया। सोने की कमी इसे आपूर्ति और मांग असंतुलन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाती है।**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में 2त्न से अधिक की गिरावट आई, जिसके पीछे दो मुख्य कारण थे। पहला अमेरिका में उम्मीद से अधिक रोजगार वृद्धि और चीन द्वारा सोने की खरीद में ठहराव आना।

**अमेरिका में रोजगार वृद्धि**

बेंचमार्क सोने का वायदा 2.43त्न की गिरावट को दर्शाते हुए 2,332.85 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया। विश्लेषकों ने इस गिरावट का श्रेय मजबूत अमेरिकी रोजगार आंकड़ों को दिया, जो फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित ब्याज दरों में कटौती में मंदी का संकेत दे सकते हैं। कम ब्याज दरें आम तौर पर सोने को निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाती हैं, जो एक गैर-उपज वाली संपत्ति है।

**चीन की खरीद में रुकावट**

चीन के केंद्रीय बैंक ने कथित तौर पर मई में अपने सोने के भंडार में वृद्धि करना बंद कर दिया, इस कदम ने लगातार 18 महीनों की खरीद का सिलसिला तोड़ दिया। एक प्रमुख खरीदार द्वारा इस रुकावट ने निवेशकों की भावना को और कमजोर कर दिया कीमत में गिरावट सोने के लिए एक महत्वपूर्ण तेजी के बाद मामूली सुधार को दर्शाती है। हाल ही में आई गिरावट के बावजूद, सोने की कीमतें इस साल अब तक लगभग 15त्न अधिक बनी हुई हैं।

**भू-राजनीतिक तनाव और केंद्रीय बैंक की मांग**

सोने की कीमत में उछाल के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जिसमें पश्चिमी एशिया में लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव, केंद्रीय बैंक की खरीद (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा खरीद सहित) और निरंतर भौतिक मांग शामिल है।

सोने की कमी इसे आपूर्ति और मांग असंतुलन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाती है, जिससे संभावित रूप से कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव हो सकता है।

अपने अंतर्निहित मूल्य के साथ, सोना ऐतिहासिक रूप से एक सुरक्षित आश्रय संपत्ति के रूप में काम करता है, खासकर आर्थिक या राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान।

हालांकि, हाल ही में कीमतों में गिरावट के कारण 2024 के लिए विश्व स्वर्ण परिषद के शुरुआती पूर्वानुमान में संशोधन की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन इस साल सोने के मजबूत प्रदर्शन की संभावना बनी हुई है।

# डिजिटल भुगतान पर बढ़ा देशवासियों का भरोसा; UPI से अगस्त में हुए 10 अरब से ज्यादा लेनदेन

**भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के आंकड़ों के अनुसार 30 अगस्त को यूपीआइ लेनदेन का आंकड़ा 10.24 अरब हो गया। इन लेनदेन का मूल्य 1518456.4 करोड़ रुपये रहा। जुलाई में यूपीआइ लेनदेन की संख्या 9.96 अरब थी जबकि जून में यह 9.33 अरब थी। अगस्त 2021 में यूपीआई के जरिए लेनदेन का आंकड़ा केवल 3.5 बिलियन था जो दो वर्षों में लगभग तीन गुना बढ़ चुका है।**

**नई दिल्ली।** एकीकृत भुगतान व्यवस्था (UPI) के जरिये लेनदेन का आंकड़ा अगस्त में 10 अरब को पार कर गया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के आंकड़ों के अनुसार,30 अगस्त को यूपीआइ लेनदेन का आंकड़ा 10.24 अरब हो गया।

इन लेनदेन का मूल्य 15,18,456.4 करोड़ रुपये रहा। जुलाई में यूपीआइ लेनदेन की संख्या 9.96 अरब थी जबकि जून में यह 9.33 अरब थी। एनपीसीआइ देश में सभी खुदरा भुगतान प्रणालियों का मुख्य संगठन है।

**भारत की यूपीआई तकनीक अपनाना चाहते हैं कई देश**

अगस्त 2021 में यूपीआई के जरिए लेनदेन का आंकड़ा केवल 3.5 बिलियन था, जो दो वर्षों में लगभग तीन गुना बढ़ चुका है। हमारे देश में अब ज्यागदात व्यापारी यूपीआई के जिए लेनदेन पर भरोसा दिखा रहे हैं। आज के समय करोड़ों की कमाई करने वाले व्यापारी हो या सब्जी बेचने वाले छोटे-मंझोले दुकानदार, सभी यूपीआई के जरिए लेनदेन कर रहे हैं।

गौरतलब है कि 35 से ज्यादा देश अब भारत की यूपीआई तकनीक को अपनाना चाहते हैं। जापान उन देशों में शामिल है जिन्होंने हाल ही में यूपीआई को अपनाने में रुचि व्यक्त की है।

**डिजिटल भुगतान पर बढ़ा देशवासियों का भरोसा**

साल 2016-17 मे नोटबंदी के दौरान भारत सरकार ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया। साल 2016 में मोदी सरकार ने UPI-BHIM लॉन्च किया था। नोटबंदी के बाद बड़े पैमाने पर लोगों ने डिजिटल भुगतान पर भरोसा किया। इसके बाद कोविड महामारी के दौरान डिजिटल भुगतान के जरिए देश के ज्यादातर लोग पैसों के भुगतान के लिए कैश की जगह यूपीआई को चुना और आज के समय हर तरफ कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यूपीआई पर भारतीयों का अटूट भरोसा है।

# सपने में शिवलिंग देखने से बदल सकती है आपकी किस्मत

**नई दिल्ली।** स्वप्न शास्त्र के अनुसार, हरेक सपने से कोई न कोई संकेत जरूर मिलते हैं, जिनको इंसान नजरअंदाज कर देता है। कुछ सपने जीवन के लिए अच्छे होते हैं, तो कुछ बुरे माने जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि सपने भविष्य की घटनाओं के संकेत देते हैं। अगर कभी आपने सपने में शिवलिंग के दर्शन किए गए है, तो क्या आप जानते हैं कि इससे किस तरह के संकेत मिलते हैं। अगर नहीं पता, तो आइए हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे कि सपने में शिवलिंग देखने से किस तरह के संकेत मिलते हैं।

**मिलते हैं ये संकेत**

स्वप्न शास्त्र की मानें तो सपने में शिवलिंग को बार-बार देखना शुभ माना जाता है। इस सपने का मतलब यह है कि इंसान को देवों के देव महादेव की कृपा प्राप्त होने वाली है। साथ ही आपको धन की प्राप्ति होने वाली है। सपने में सफेद शिवलिंग का देखना भी शुभ माना जाता है। इससे इंसान को सभी बीमारियों से छुटकारा मिलने वाला है। साथ ही सभी मुरादें पूरी होने वाली हैं।

इसके अलावा सपने में शिवलिंग के दर्शन होने का यह मतलब है कि इंसान को बुरे कर्मों की सजा से मुक्ति मिल चुकी है और आपका बुरा वक्त खत्म हो गया है। साथ ही किस्मत चमकने वाली है।

अगर आप सपने में शिवलिंग पर दूध अर्पित कर रहे हैं, तो इससे महादेव के प्रसन्न होने के संकेत मिलते हैं।

# बेहद प्रसिद्ध है सालासर बालाजी मंदिर, दर्शन करने से मनोकामनाएं होती हैं पूरी




**राजस्थान के चुरू जिले में हनुमान जी का सालासर बालाजी मंदिर बेहद प्रसिद्ध है। इस मंदिर में अधिक संख्या में श्रद्धालु हनुमान जी की पूजा और दर्शन करने के लिए आते हैं। यह भारत का इकलौता ऐसा मंदिर है जहां हनुमान जी गोल चेहरे के साथ दाढ़ी और मूंछ में विराजमान हैं। इसके पीछे एक रोचक कहानी है।**

**नई दिल्ली।** Salasar Balaji Mandir: देश में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भक्त हनुमान जी को समर्पित ऐसे में कई मंदिर हैं, जो अपने रहस्य की वजह से बेहद प्रसिद्ध हैं। इनमें सालासर बालाजी मंदिर भी शामिल है।

धार्मिक मान्यता है कि इस मंदिर में पूजा और दर्शन करने से साधक की सभी मनोकामना पूरी होती है और इंसान को हर तरह की बीमारियों से छुटकारा मिलता है। ऐसे में आइए जानते हैं इस मंदिर के बारे में विस्तार से।

**राजस्थान के चूरू में है मंदिर**

राजस्थान के चुरू जिले में हनुमान जी का सालासर बालाजी मंदिर बेहद प्रसिद्ध है।

इस मंदिर में अधिक संख्या में श्रद्धालु हनुमान जी की पूजा और दर्शन करने के लिए आते हैं। यह भारत का इकलौता ऐसा मंदिर है, जहां हनुमान जी गोल चेहरे के साथ दाढ़ी और मूंछ में विराजमान हैं। इसके पीछे एक रोचक कहानी है।

सालासर बालाजी मंदिर के बारे में ऐसा बताया जाता है कि यहां हनुमान जी ने पहली बार महात्मा मोहनदास महाराज के नाम के व्यक्ति को दाढ़ी मूंछों वाले रूप में दर्शन दिए थे।

तब मोहनदास ने बालाजी को इसी रूप में प्रकट होने की बात कही थी। इसलिए इस मंदिर में हनुमान जी की दाढ़ी और मूछों में मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर में हनुमान जी को प्रसाद के रूप में नारियल अर्पित किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि नारियल के चढ़ावे से श्रद्धालु की बजरंगबली सभी मनोकामना पूरी करते हैं।

**ये है कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार एक किसान खेत जोत रहा था। तभी अचानक से हल किसी नुकीली पथरीली चीज से टकरा गया और उसने देखा तो यहां एक पत्थर था, जो एक मूर्ति हनुमान जी और दूसरी मूर्ति बालाजी की थी।

बताया जाता है कि एक बार रात में बालाजी ने सपने में आकर किसान को मूर्ति को चुरू जिले के सालासर में स्थापित करने के लिए कहा था। तभी से एक मूर्ति सालासर और दूसरी मूर्ति पाबोलाम में विराजमान है।

## लौंग के तेल में छिपा है सेहत का लाजवाब खजाना, ये 5 फायदे जानकर आप भी रह जाएंगे दंग



**खानपान में लौंग का इस्तेमाल तो सभी करते हैं लेकिन आज हम आपको इसके तेल से होने वाले कुछ ऐसे शानदार फायदे (Clove Oil Benefits) बताने जा रहे हैं जिन्हें जानकर आप सचमुच हैरान रह जाएंगे। इसकी मदद से शरीर की कई परेशानियों से छुटकारा पाया जा सकता है। चाहे फिर सिर दर्द की बात हो या फिर इम्युनिटी को बूस्ट करना हो। आइए जानें इसके लाजवाब फायदे।**

**नई दिल्ली।** लौंग का इस्तेमाल सदियों से खानपान में किया जा रहा है। क्या आप जानते हैं कि इसका तेल शारीरिक कमजोरी को दूर करने से लेकर पाचन शक्ति को दुरुस्त बनाने और दांतों के दर्द से राहत दिलाने में बेहद असरदार साबित होता है? जी हां, आज हम आपको बताएंगे, कि कैसे यह किस प्रकार से आपकी सेहत के लिए फायदेमंद (Clove Oil Benefits) साबित हो सकता है।

**दांतों-मसूड़ों को रखे हेल्दी**

दांतों-मसूड़ों के लिए लौंग को काफी गुणकारी माना जाता है। बता दें, इसके तेल से अगर आप दांतों-मसूड़ों की मालिश कर लेते हैं, तो इससे न सिर्फ मुंह की बदबू दूर होती है, बल्कि दांतों के दर्द से भी छुटकारा मिल सकता है।

**इम्युनिटी बूस्ट करे**

बदलते मौसम के साथ अक्सर इम्युनिटी वीक हो जाती है और हम वायरल इन्फेक्शन का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में, आपको बता दें कि लौंग का तेल एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है और डाइट में इसे शामिल करने से इम्युनिटी को बूस्ट किया जा सकता है।

**सिरदर्द दूर करे**

आप भी अक्सर सिरदर्द की समस्या से परेशान रहते हैं, तो बता दें कि लौंग के तेल की मालिश इस मामले में काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है और जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द को दूर करने में भी बड़ी भूमिका निभा सकता है।

**बीपी और कोलेस्ट्रॉल की समस्या**

अगर आप भी कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से जूझ रहे हैं, तो इसमें भी लौंग का तेल काफी फायदेमंद होता है। हार्ट को हेल्दी रखने के लिहाज से आप भी डॉक्टर की सलाह पर इसकी कुछ मात्रा डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**इन्फेक्शन से दिलाए निजात**

कीड़े-मकोड़े के काटने पर जब इन्फेक्शन हो जाता है या उस हिस्से पर सूजन आ जाती है, तो इससे छुटकारा दिलाने में भी लौंग का तेल बेहद गुणकारी है। घाव, कटी-फटी त्वचा और सूजन को ठीक करने में भी लौंग का तेल लगाने से फायदा मिलता है, लेकिन अगर आप इसे घाव पर लगा रहे हैं, तो नारियल के तेल के साथ मिलाकर ही लगाएं।


SAVE WATER SAVE ENVIRONMENT


## दिन के इस पहर किसी से बात नहीं करते मनोज बाजपेयी , कहा- मैं जिद्दी आदमी हूं, मेरा समय बंटा हुआ है



**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की गिनती बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में होती है। अपनी एक्टिंग की वजह से उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बनाई है। हालिया रिलीज फिल्म भैया जी में उनके दमदार और दबंग अंदाज को काफी पसंद किया गया। दैनिक जागरण से खास बातचीत में मनोज बाजपेयी ने खुद के बारे में अहम खुलासा किया।

**अनुशासन मेरे अंदर है**

अच्छा कलाकार होने के साथ-साथ मनोज बाजपेयी अपनी फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं। खुद के शरीर का ख्याल रखने या फिट रहने को लेकर जब बातें होती हैं, तो कई लोग व्यस्तता का वास्ता देते हुए कहते हैं कि न खाने का समय है, न एक्सरसाइज का। वहीं व्यस्त अभिनेताओं में शुमार मनोज बाजपेयी, जो निर्माता भी हैं, वह कभी अपनी फिटनेस और मानसिक सेहत को दरकिनार नहीं करते हैं। दैनिक जागरण से बातचीत में मनोज कहते हैं कि अनुशासन मेरे अंदर ही है। मुझे इसके लिए अलग से कुछ करने का प्रयास नहीं करना पड़ता है।

**जिद्दी आदमी हूं**


मनोज बाजपेयी ने कहा कि अनुशासन कई वर्षों से मेरे जीवन का हिस्सा है। वैसे ही जीया हूं। उससे अलग कैसे जीया जाता है, मुझे नहीं पता है। मैं भटकता नहीं हूं, टूटता नहीं हूं। मैं बस बीच- बीच में कभी थोड़ा सा अंतराल ले लेता हूं, ताकि शरीर सारी चीजों से अलग कर लेता हूं। लेकिन इन सबके बीच खाने-पीने को लेकर अनुशासन हमेशा बना रहता है।

उसको लेकर मैं जिद्दी आदमी हूं। खाने-पीने का समय बिल्कुल बंटा हुआ है कि कब मैं दिन में खाना बंद कर दूंगा, अगला आहार कब लूंगा और कितना लूंगा। यह तय है, जो मैं कभी नहीं भूलता हूं।

**दो घंटे तक किसी का फोन नहीं उठाता**

भैया जी एक्टर ने कहा कि मैं मेडिटेशन करना कभी नहीं छोड़ता हूं। कई लोग सुबह उठते ही फोन देखने लग जाते हैं। मैं सुबह उठने के बाद दो घंटे तक किसी का फोन नहीं उठाता हूं। न ही किसी का मैसेज देखता हूं।

## बिना एक्सरसाइज किए घटाना चाहते हैं वजन, तो आज से ही रखें इन 4 बातों ख्याल



**वजन घटाने के लिए लोग तरह-तरह एक्सरसाइज का सहारा लेते हैं लेकिन कुछ लोग बिना कसरत या मेहनत किए ही वजन घटाने की कोशिशों में लगे रहते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से हैं तो ये आर्टिकल आप ही के लिए है। यहां हम बताएंगे कि एक्सरसाइज के अलावा ऐसे कौन-से तरीके हैं जिनकी मदद से वेट लॉस (Weight Loss Tips) में काफी फायदा पाया जा सकता है।**

**नई दिल्ली।** इस बात में कोई शक नहीं, कि वजन घटाने के लिए वर्कआउट काफी जरूरी होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिना एक्सरसाइज के भी खानपान और रहन-सहन से जुड़ी कुछ बातों का ध्यान रखकर वेट लॉस को आसान बनाया जा सकता है? जी हां, अगर दिनभर की भागदौड़ और काम के बाद अगर आपको भी वर्कआउट के लिए समय नहीं मिल पाता है या थकान के चलते शरीर में इतनी एनर्जी नहीं बचती है, तो परेशान मत होइए, क्योंकि आप इस आर्टिकल में बताई इन 4 बातों का ख्याल रखकर वेट लॉस (Weight Loss Tips) में फायदा पा सकते हैं। आइए जानें।

**अनहेल्दी चीजों से बनाएं दूरी**

वेट लॉस के लिए जरूरी है, कि आप सबसे पहले अनहेल्दी चीजों से खुद को दूर रखें। तला-भुना या प्रोसेस्ड फूड खाने के बजाय आप हेल्दी फ्रूट्स और वेजिटेबल्स को अपनी डाइट में शामिल करें। इनमे मौजूद फाइबर से आपका पेट भी काफी देर भरा रहेगा और जल्दी-जल्दी भूख भी नहीं लगेगी।

**स्ट्रेस न लें**

तनाव यानी स्ट्रेस भी आपके बढ़ते वजन के पीछे एक बड़ी भूमिका निभाता है। बता दें, कि इससे शरीर में शरीर में हार्मोन का बैलेंस खराब हो जाता है और किसी काम में मन नहीं लगने के कारण और ओवरईटिंग का शिकार हो जाते हैं।

इसलिए चिंता या तनाव से जितना हो सके, दूर ही रहें।

**स्नैक्स में हेल्दी खाएं**


वजन बढ़ने के पीछे इस बात का भी बड़ा रोल होता है कि आप स्नैक्स में क्या खाते हैं। अगर आप भी इस दौरान बिस्कुट, चिप्स या अन्य प्रोसेस्ड चीजों का सहारा लेते हैं, तो इसे तुरंत छोड़ दें। इसकी जगह आप ड्राई फ्रूट्स और नट्स का सेवन कर सकते हैं।

**चीनी कम खाएं**

मीठा खाना कई लोगों को पसंद होता है, लेकिन बता दें कि ये आपके वजन को बढ़ाने में बड़ा रोल निभाता है।

ऐसे में, अगर आपको भी यह आदत है, तो इस बात का ध्यान रखें कि जितना हो सके, आप डाइट से चीनी को हटा दें। इससे फैट बर्न में काफी मदद मिलती है।

## मंसूर अली खान ने घुटनों पर बैठकर किया था शर्मिला टैगोर को प्रपोज



**शर्मिला टैगोर अपने समय की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक रही हैं। उन्होंने उस समय में अपने अभिनय से लाखों लोगों को दीवाना बनाया और कई हिट फिल्मों में काम किया। करियर के पीक पर आकर शर्मिला ने 1968 में पूर्व क्रिकेटर मंसूर अली खान से शादी कर ली थी। अब एक्ट्रेस ने उनसे जुड़ी एक दिलचस्प कहानी शेयर की है।**

**मुंबई।** प्यार व्यक्त करने के सबके अपने-अपने तरीके होते हैं। अभिनेत्री शर्मिला टैगोर से जब क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी को प्यार हुआ था, तो बातचीत करने के लिए उन्होंने शर्मिला के घर पांच फ्रिज भेज दिए थे। एक इंटरव्यू में शर्मिला ने कहा कि यह उन दिनों की बात है, जब मैं मुंबई आई ही थी। मुंबई में मैं अपनी एक सहेली के साथ रहती थी।

एक दिन जब बाहर से लौटकर आई तो पता चला कि आपके लिए फ्रिज आए हैं, वो भी पांच। पहले तो मैं डर गई। फिर मुझे महसूस हुआ कि ये फ्रिज मंसूर ने ही भेजे होंगे। एक बार कोलकाता में मैच के दौरान उनसे मुलाकात हुई थी। मैंने उनको फोन किया तो वह बोले कि चलो आपने फोन तो किया।

शर्मिला ने यह भी बताया कि मंसूर ने मुझसे बिना पूछे अपने घर पर शादी की बात भी कर ली थी।

वह कहती हैं कि एक फिल्म की शूटिंग के दौरान थोड़ा समय मिला, तो मैं उनसे मिलने चली गई थी। उन्होंने कहा कि मेरी मां से भी मिल लो। इस पर मैं अम्मा से मिली।

मंसूर ने अम्मा के सामने कहा कि हम शादी करना चाहते हैं। इसके बाद हम साथ में पेरिस चले गए। वहां पर उन्होंने घुटनों पर बैठकर मुझे प्रपोज किया। मैंने उनसे कहा था कि जैसा फिल्मो में होता है, वैसे ही प्रपोज करना। हालांकि, वह हमेशा सबसे यही कहते थे कि मैं कभी शर्मिला के पीछे नहीं गया, वो ही मेरे पीछे रहती थीं।

**1968 में दोनों ने की थी शादी**

दिग्गज एक्ट्रेस और मंसूर अली खान ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद साल 1968 में शादी कर ली थी। दोनों तीन बच्चों के माता-पिता हैं सैफ अली खान, सोहा अली खान और सबा पटौदी।

सैफ और सोहा ने अपनी मां के नक्शे कदम पर चलते हुए एक्टिंग में अपना करियर बनाया।

## ब्रेन ट्यूमर का संकेत हो सकता है लगातार सिरदर्द और चक्कर आना, एक्सपर्ट से जानें कैसे करें पहचान और इसका इलाज

**दुनियाभर में आज का दिन World Brain Tumor Day के रूप में मनाया जा रहा है। ब्रेन ट्यूमर (Brain Tumor) एक गंभीर बीमारी है जिसके प्रति आज भी लोगों के अंदर जागरूकता की कमी है। ऐसे में इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलना के मकसद से ही हर साल यह दिन मनाया जाता है। यह एक जानलेवा स्थिति हो सकती है अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए।**

**नई दिल्ली।** हर साल 8 जून को विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस यानी मनाया जाता है। यह दिन इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से मनाया जाता है। ब्रेन ट्यूमर एक जानलेवा बीमारी है, जिसे लेकर आज भी कई लोगों में जागरूकता की कमी है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसका पता अक्सर काफी देर से चलता है। इसकी सबसे बड़ी वजह इसके लक्षणों की अनदेखी है, क्योंकि लोग आमतौर पर ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों की पहचान नहीं कर पाते हैं, जिससे इसके निदान और फिर इलाज में देरी हो जाती है। सिरदर्द और चक्कर आना जैसे लक्षणों को आमतौर पर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह एक बड़ी गलती साबित हो सकती है, क्योंकि यह ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। ऐसे में गुरुग्राम के मणिपाल हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जरी के सलाहकार डॉ. निशांत शंकर याग्निक बता रहे हैं इससे जुड़ी सभी जरूरी बातें-

डॉक्टर कहते हैं कि सिरदर्द और चक्कर आना जैसे लक्षण कुछ सामान्य समस्याओं जैसे तनाव, थकावट या मामूली स्वास्थ्य स्थिति में भी नजर आ सकते हैं, लेकिन इसके गंभीर स्वास्थ्य परिणामों में लगातार सिरदर्द और चक्कर आना ब्रेन ट्यूमर का संकेत से भी होता है।

**ब्रेन ट्यूमर के लक्षण**

ब्रेन ट्यूमर के लक्षण आमतौर पर इसके आकार, स्थान और वृद्धि के आधार नजर आते हैं। सिरदर्द और चक्कर आना कुछ सामान्य लक्षण हैं और इसके अलावा इसके अन्य में लक्षणों में निम्न शामिल हैं-

दौरे पड़ना
ब्लर विजन
जी मिचलाना
बैलेंस बनाने में कठिनाई
मूड, व्यवहार और व्यक्तित्व में बदलाव

**ब्रेन ट्यूमर का निदान**

ब्रेन ट्यूमर के गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है, अगर समय रहते इसका निदान और फिर इलाज कराया जाए। अगर ब्रेन ट्यूमर का संदेह हो तो ब्रेन स्ट्रक्चर की जांच के लिए एमआरआई या सीटी स्कैन जैसे इमेजिंग टेस्ट किए जाते हैं। कुछ मामलों में, ट्यूमर के प्रकार और ग्रेड की जांच के लिए बायप्सी भी की जाती है। इस प्रक्रिया में आगे के विश्लेषण के लिए ट्यूमर से एक छोटा टिश्यू निकाला जाता है, यह पहचानने के लिए कि ट्यूमर कैंसेरियस है या नहीं।

**ब्रेन ट्यूमर का इलाज**

इस बीमारी का इलाज ट्यूमर के प्रकार, आकार और स्थान के आधार पर भिन्न होता है। इसके कुछ सामान्य उपचार विकल्पों में निम्न शामिल हैं-

सर्जरी- यह ब्रेन ट्यूमर के लिए किया जामे वाला प्राथमिक इलाज है, खासकर अगर ट्यूमर तक पहुंचना आसान हो। इसका लक्ष्य जितना संभव हो इसे उतना हटाना है।

**रेडिएशन थैरेपी**


इसका उद्देश्य सर्जरी के बाद बचे हुए कैंसर सेल्स को मारना है या जब सर्जरी कोई विकल्प नहीं है, तो इसका इस्तेमाल मुख्य उपचार के रूप में भी किया जाता है।

**कीमोथेरेपी**

इस थेरेपी के तहत कैंसर सेल्स को खत्म करने के लिए कुछ दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। इसका उपयोग अक्सर सर्जरी और रेडिएशन के साथ किया जाता है। इस थेरेपी के तहत कुछ दवाएं खून और ब्रेन के बीच की बाधा को पार करती हैं और इसे ब्रेन ट्यूमर के ज्यादा अधिक प्रभावी बनाती हैं।

टारगेटेड थैरेपी- यह विशेष सेल्स पर ध्यान केंद्रित करती है, जो ट्यूमर के विकास में शामिल होते हैं। इसका उद्देश्य सामान्य सेल्स को कम से कम नुकसान पहुंचाने के साथ कैंसर सेल्स को खत्म करना है।

## सलमान खान की फिल्म सिकंदर को लेकर आया नया अपडेट, भाईजान ने शुरू की फाइट सीन्स की रिहर्सल






**सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह मूवी अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होने वाली हैं। भाईजान के फैंस को मूवी में कई एक्शन सीन्स देखने को मिलेंगे जो सलमान खुद करने वाले हैं। अब इसे लेकर अपडेट आ रहा है कि उन्होंने इसकी रिहर्सल भी शुरू कर दी है। साथ ही अपने रूटीन में बदलाव भी किया।**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान की फिल्मों का फैंस को बेसब्री के साथ इंतजार रहता है। हर साल दबंग खान ईद और दिवाली जैसे बड़े फेस्टिवल पर अपनी फिल्मों को रिलीज करते हैं, लेकिन इस बार 2024 की ईद के मौके पर वह कोई मूवी लेकर नहीं आए, जिससे उनके फैंस थोड़े निराश जरूर हुए। हालांकि, एक्टर ने उसी दिन यह बता दिया कि 2025 की ईद खाली नहीं जाएगी और अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर की घोषणा भी कर दी, जिसके बाद उनके फैंस काफी खुश हो गए। साजिद नाडियावाला निर्मित इस फिल्म का निर्देशन ए.आर मुरुगदास करने वाले हैं।

वहीं, मूवी में सलमान खुद ही एक्शन करते हुए दिखाई देने वाले हैं, जिसकी रिहर्सल भी उन्होंने शुरू कर दी है।

**इस दिन शुरू हो सकती है शूटिंग**

सलमान खान के साथ सिकंदर में राश्मिका मंदाना भी दिखाई देने वाली हैं। यह पहली बार होगा जब ये दोनों स्टार एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। अब इस मूवी को लेकर कुछ नए अपडेट सामने आए हैं। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की शूटिंग इसी महीने 27 तारीख को शुरू हो सकती है।

ऐसे में भाईजान ने अपने किरदार के लिए इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान इसमें अपने फाइट सीन्स खुद करने वाले हैं। ऐसे में उन्होंने इसकी रिहर्सल करना शुरू कर दिया है।

**वर्कआउट रूटीन में किया बदलाव**

सिर्फ इतना ही नहीं, मूवी में बहुत सारे एक्शन सीन होने की वजह से सलमान खान ने अपना वर्किंग रूटीन भी बदल दिया है और इस समय वह सुडौल बॉडी पाने के लिए जमकर वर्कआउट कर रहे हैं।

बता दें कि इस फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में होगी। इसके बाद हैदराबाद में और फिर कुछ सीक्वेंस विदेश में भी शूट हो सकते हैं।

## अदरक की चाय ही नहीं इसका जूस भी है फायदेमंद, खाली पेट पीने से मिलेंगे ये 6 फायदे




**लगभग हर भारतीय रसोई में अदरक का इस्तेमाल किया जाता है। इसका इस्तेमाल आमतौर पर विभिन्न व्यंजनों में किया जाता है। साथ ही कई लोग अदरक की चाय पीना भी काफी पसंद करते हैं। हालांकि चाय या व्यंजन के अलावा अदरक का जूस भी सेहत को कई फायदा पहुंचाता है। जानते हैं रोजाना खाली पेट Ginger Juice पीने के फायदे।**

**नई दिल्ली।** अदरक भारतीय घरों में इस्तेमाल होने वाला एक लोकप्रिय मसाला है। यह आमतौर पर कई व्यंजनों का स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ ही सेहत को भी ढेरों फायदे पहुंचाता है। खाने के अलावा अदरक चाय में काफी ज्यादा इस्तेमाल की जाती है। अदरक वाली चाय कई लोगों की पसंदीदा होती है। यही वजह है कि मौसम चाहे कोई भी हो, लोग अदरक वाली चाय पीना नहीं छोड़ते हैं।

स्वाद बढ़ाने के अलावा यह सेहत को भी दुरुस्त बनाता है।

यह पाचन एंजाइम्स के प्रोडक्शन को बढ़ाता है और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल गतिशीलता को बढ़ाता है यानी कि यह पाचन तंत्र के जरिए भोजन को ज्यादा कुशलता से ट्रांसफर करने में मदद करता है। इसके अलावा यह अपच, सूजन और कब्ज जैसी समस्याओं को रोकने और कम करने में मदद करता है। खाने और चाय के अलावा अदरक के जूस को खाली पेट पीना भी काफी गुणकारी होता है। आइए जानते हैं सुबह खाली पेट अदरक का जूस पीने के फायदे-

**मतली और उल्टी में फायदेमंद**

पारंपरिक रूप से अदरक का इस्तेमाल मतली और उल्टी से निपटने के लिए किया जाता रहा है। यह गर्भावस्था के दौरान सुबह की मतली के साथ-साथ कीमोथेरेपी और मोशन सिकनेस के कारण होने वाली मतली के इलाज के लिए भी किया जाता है।

**ऑस्टियोअर्थराइटिस और गठिया में असरदार**

अदरक में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण जिंजरोल से आते हैं, जो प्रो-इंफ्लेमेटरी साइटोकिन्स और एंजाइम के प्रोडक्शन को रोकने में मदद करता है। यह ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटीइड गठिया जैसी स्थितियों में पुरानी सूजन को कम करने में मदद कर सकता है।

**सामान्य सर्दी में कारगर**

अदरक के जूस के नियमित सेवन से सामान्य सर्दी और फ्लू जैसे संक्रमणों से लड़ने की प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता बढ़ सकती है। अदरक के सूजनरोधी और रोगाणुरोधी गुण भी मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में योगदान करते हैं

**वेट मैनेजमेंट करे**

अदरक में थर्मोजेनिक गुण होते हैं, जिसका मतलब है कि यह शरीर के तापमान को थोड़ा बढ़ा सकता है और इस तरह मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा दे सकता है,

जिससे को ज्यादा कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है, जो वजन प्रबंधन में सहायता कर सकती है।

**ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करे**

यह इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाकर और ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म में सुधार करके ब्लड शुगर के लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है। अध्ययनों से पता चलता है कि अदरक तेजी से ब्लड शुगर लेवल को कम कर सकता है और एचबीए1सी के स्तर में सुधार कर सकता है, जो लॉन्ग-टर्म ब्लड शुगर कंट्रोल के संकेतक हैं।

**कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करे**

अदरक एलडीएल (बैड) कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और एचडीएल (गुड) कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में भी मददगार साबित होता है।

यह प्रभाव दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, क्योंकि एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल हार्ट डिजीज के बढ़ते जोखिम से जुड़ा होता है।

## महाराष्ट्र से इंदौर पहुंचा पोहा ऐसे बना शहर की पहचान, जानें इसकी खासियत और इतिहास




**पोहा लगभग हर भारतीय घरों में बनने वाला एक लोकप्रिय स्वादिष्ट और पौष्टिक नाश्ता है। यह खाने में जितना स्वादिष्ट होता है उतना ही आसान इसे बनाना होता है। दुनियाभर में बेहद मशहूर है। यही वजह है कि हर साल 7 जून को World Poha Day मनाया जाता है। इस खास मौके पर आज आर्टिकल में हम आपको बताएंगे इंदौरी पोहे का दिलचस्प इतिहास।**

**नई दिल्ली।** जब भी हेल्दी, टेस्टी और लाइट नाश्ते की बात की जाती है, तो पोहे का जिक्र जरूर किया जाता है। पोहा जल्दी तैयार होने वाला एक हेल्दी ब्रेकफास्ट ऑप्शन है, जिसे देश के ज्यादातर हिस्सों में पसंद किया जाता है। पोहे की इसी लोकप्रियता को देखते हुए हर साल 7 जून को World Poha Day मनाया जाता है।

अलग-अलग जगहों पर इसे कई तरीकों से तैयार किया जाता है, लेकिन जब बात पोहे के होती है, तो सबसे पहले दिमाग में इंदौरी पोहे का नाम आता है। इंदौर देश एक ऐसा शहर है, जो सिर्फ अपनी साफ-सफाई ही नहीं, बल्कि पोहे के लिए भी जाना जाता है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि स्वाद और सेहत भरपूर पोहा कब और कैसे इंदौर की पहचान बन गया है। अगर नहीं, तो आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे पोहे के इंदौर की शान बनने की कहानी-

**इसलिए खास है इंदौरी पोहा**

अपने अनोखे स्वाद के लिए मशहूर इंदौरी कई तरह के मसालों के साथ बनाया जाता है। इसके बेहतरीन स्वाद की ही वजह से देश के की हिस्सों में इंदौरी पोहा के नाम के स्टॉल नजर आ जाते हैं। हालांकि, इसका असल स्वाद तो सिर्फ देश के दिल मध्य प्रदेश में भी चखने को मिलता है। लोकप्रिय इंदौरी पोहा धनिया, सौंफ, आमचूर और जीरावन जैसे मसालों से बनाया जाता है। ये सभी सामग्रियां एक साथ मिक्स होकर इसे एक विशिष्ट स्वाद देती हैं।

**इंदौरी पोहे का इतिहास**

इंदौरी पोहा को इसका नाम इंदौर शहर में ओरिजिन होने के कारण मिला। इंदौरी पोहा लंबे समय से ही पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है और आज भी यह पूरे इंदौर का अहम हिस्सा है। अब बात करें इसके इतिहास की, तो पोहा की उत्पत्ति सबसे पहले महाराष्ट्र में हुई थी। होल्कर और सिंधिया के शासन में इस व्यंजन ने लोकप्रियता हासिल की।

बात 19वीं सदी की है, जब ये शासक महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश आए और उन्होंने इंदौर पर अधिकार कर लिया। हालांकि, अपने शासन के दौरान उन्होंने शहर का परिचय पोहा और श्रीखंड से कराया।

**गरीबों का नाश्ता पोहा**

होल्कर अपनी कला, साहित्य और भोजन के संरक्षण के लिए जाने जाते थे और उन्होंने ही इस क्षेत्र के व्यंजनों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन दिनों पोहा एक सस्ता और बेहद पौष्टिक भोजन माना जाता था, जो आसानी से उपलब्ध होता था और जल्दी तैयार भी हो जाता है। यह खास तौर पर उन मजदूरों को किसानों का मुख्य भोजन हुआ करता था, जिन्हें पेट करने के लिए सस्ते और जल्दी तैयार होने वाले नाश्ते की जरूरत होती थी।

**समय के साथ हुआ बदलाव**

धीरे-धीरे समय के साथ यह व्यंजन समय के साथ विकसित हुआ। एक तरफ जहां महाराष्ट्र में, लोग इसमें प्याज या आलू और कुछ क्षेत्रों में दही भी डालना पसंद करते हैं।

वहीं, मध्य प्रदेश में, खासकर निमाड़-मालवा क्षेत्र में, पोहा को या तो इंदौरी सेव के साथ मिलाकर परोसा जाता है या इसके साथ जलेबी या कचौरी दी जाती है, जिसके वजह एक तीखा मिश्रण बनता है। इंदौर के पास मौजूद रतलाम, जो दुनियाभर में अपने नमकीन के लिए प्रसिद्ध है, इंदौरी पोहे का स्वाद दोगुना कर देता है।

**ऐसे तैयार होता है पोहा**

पोहे को आमतौर पर चपटे चावल से बनाया जाता है और इसमें सरसों, जीरा, कढ़ा पत्ता, हरी मिर्च और प्याज का तड़का लगाया जाता है। अंत में इसे गार्निश करने के लिए इसमें अनार के बीज, कुरकुरे सेव, भुनी हुई मूंगफली और ताजा धनिया पत्तियों का इस्तेमाल किया जाता है।


SAVE GIRL SAVE CHILD


**अक्सर खाने के बाद कुछ मीठा खाने का मन करता है। ऐसे में रबड़ी डेजर्ट के लिए एक बढ़िया विकल्प साबित होता है। हालांकि, एक ही तरह की रबड़ी खाना काफी बोरिंग लगने लगता है। ऐसे में आप कुछ अलग ट्राई करना चाहते हैं, तो इस बार सीताफल की रबड़ी जरूर ट्राई करें।**

**सामग्री =**

1 कप हैवी क्रीम
1 कप दूध, 1 कप चीनी
1 कप मसला हुआ सीताफल/शरीफा (कस्टर्ड एप्पल) का पल्प, 1/2 इलायची पाउडर

**विधि =**

एक सॉस पैन में क्रीम, दूध और चीनी मिलाएं। अब लगातार हिलाते हुए मध्यम आंच पर तब तक पकाएं जब तक कि चीनी घुल न जाए। अब पैन में मसला हुआ सीताफल का पल्प और इलायची पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को उबाल लें, फिर आंच धीमी कर दें और धीमी आंच पर पकने दें। इसके बाद 5-7 मिनट या जब तक रबड़ी आपकी इच्छानुसार गाढ़ी न हो जाए, तह तक पकाएं। फिर पैन को आंच से हटा दें और रबड़ी को सामान्य तापमान तक ठंडा होने दें। रबड़ी को एक सर्विंग बाउल या अलग-अलग सर्विंग ग्लास में डालें और ठंडा होने पर परोसें।

## जगन्नाथ रथ यात्रा की तर्ज पर नीमच इस्कॉन मंदिर द्वारा आयोजित की जाएगी भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा

**भजन, कीर्तन, नाच गाने के साथ ही विदेशी मेहमान रहेंगे आकर्षण का केंद्र**




**नीमच।** नीमच इस्कॉन मंदिर द्वारा पहली बार नीमच की धर्म प्रेमी जनता के लिए भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की तर्ज पर एक भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह रथ यात्रा 14 जुलाई रविवार को आयोजित होगी रथ यात्रा का प्रमुख केंद्र इस्कॉन मंदिर नीमच रहेगा।

इस्कॉन मंदिर नीमच के सन्यासी प्रभु रघुनाथ दास ने जानकारी देते हुए बताया कि नीमच इस्कॉन मंदिर के द्वारा जिले में पहली बार रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, यह रथ यात्रा 14 जुलाई रविवार को शाम 4–00 बजे फव्वारा चौक से प्रारंभ होकर बड़े बालाजी मंदिर, नरसिंह मंदिर, गोपाल मंदिर, श्री राम मंदिर, खाटू श्याम बाबा मंदिर, पुस्तक बाजार, भारत माता चौराहा, कमल चौक होते हुए समापन फव्वारा चौक पर होगा।

श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में नीमच की धर्म प्रेमी जनता और इस्कॉन के भक्तों की टोली के साथ ही विदेशी मेहमान भी रहेंगे।

श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में भगवान जी की सेवाएं निर्धारित की गई जिसमें पोशाक, रथ का चंदवा, रथ की पुष्प सजा, फूल माला साउंड सिस्टम, 56 भोग के साथ पांडाल सेवा, प्रचार प्रसार, वस्तु सेवा एवं प्रसाद सेवा है।

इस्कॉन अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के रूप में जाना जाता है इस्कॉन के द्वारा भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में प्रसारित किया जा रहा है आज भारत के प्रमुख मंदिरों में जो विदेशी भक्त देखने को मिलते हैं उनके पीछे इस्कॉन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस्कॉन लगभग डेढ़ सौ देशों में अपने मंदिरों को स्थापित कर चुका है, इस्कॉन के मंदिर पूर्ण रूप से भारतीय संस्कृति से प्रभावित होकर शास्त्रों के अनुसार संचालित होते हैं।

श्री रघुनाथ दास प्रभु ने इस्कॉन पर लगने वाले आरोपो को लेकर बतलाया कि इस्कॉन का सारा पैसा शासन की निगाह में है और इसकी हमेशा ऑडिट होती है। इस्कॉन को मिलने वाला एक एक रुपया भारतीय कर प्रणाली के अंतर्गत ऑडिट किया जाता है। इस्कॉन को मिलने वाला चंदा एवं आर्थिक सहयोग भारत में ही इस्कॉन के मंदिरों पर खर्च किया जाता है।

इस्कॉन नीमच से जुड़कर कई वर्षों से लोग लाभान्वित हुए हैं और भगवान की भक्ति कर कर अपने जीवन को ईश्वरीय उद्देश्य की पूर्ति में लगाया है। 14 जुलाई को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा द्वारा नीमच में भक्ति का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत होगा, सभी धर्म प्रेमी जनता से अनुरोध है कि इस आयोजन में बढ़–चढ़कर भाग लें।

## कल्याण कमलमय समर्थक समिति ने भोजू चोराहे पर आतिशबाजी कर किया भाजपा सरकार का स्वागत



**नीमच।** लगातार जीत की हैट्रिक के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को पुन:प्रधानमंत्री चुना जाकर देश की कमान संभालने पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालिंटियर भाजपा) की टीम ने नया बाजार भौजू चौराहे पर हर हर मोदी घर घर मोदी, चप्पा चप्पा भाजपा, भारत माता की जय, अबकी बार फिर मोदी सरकार के जय घोष के साथ कल्याण कमलमय समर्थक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष(संस्थापक) श्री कृष्णा जी गुप्ता, उपाध्यक्ष सतपाल सिंह जी, महासचिव हरीश जी पहलवान के निर्देश अनुसार एवं समाज सेवी चंद्रप्रकाश (मोमू) लालवानी के मार्गदर्शन में भव्य आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए माननीय नरेंद्र मोदी जी को निरंतर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने व फिर से भाजपा की सरकार बनने पर भाजपा की जीत का जश्न मनाया।

इस अवसर पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार, जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर दंशाना पार्षद (वार्ड नंबर 08), समाज सेवी चंद्रप्रकाश (मोमू) लालवानी, महामंत्री समरथ राठौर, संगठन मंत्री रोहित माली, सह–सचिव मनोहर केथवास, प्रचारक दिलीप लालवानी, प्रभारी मुकेश शर्मा, नगर सचिव जयराम दासानी, अक्कू चाय, बबलू ढोल सम्राट, मुकेश यादव, केवल साहू,रिषी मललैया एवं सभी साथी गण उपस्थित रहे।

## अवैध नशे की स्मगलिंग की सुचना, कोतवाली पुलिस ने पकड़े तीन आरोपी




**मंदसौर।** एसपी अनुराग सुजानिया के मार्गदर्शन, एएसपी गौतम सोलंकी व सीएसपी सतनाम सिंह के निर्देशन में सिटी कोतवाली थाना पुलिस द्वारा वाहन चोर को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। साथ ही 02 बाइक भी बरामद की।

जानकारी के अनुसार, बीती दिनांक–8 जून को सिटी कोतवाली थाना पुलिस को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि, घटना स्थल अलावदाखेडी रोड़ व गोपाल कृष्ण गोशाला के सामने प्रतापगढ़ रोड़ से कोई बदमाश अवैध शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी मोहसिन उर्फ सन्नी पिता फतेह मौ. मेवाती (34) निवासी नयापुरा रोड़, इमरान उर्फ रतलामी पिता निसार मेवाती (34) निवासी रोशन कालोनी और जयसिंह पिता भारत सिंह चौहान जाति राजपूत (25) निवासी खाटु श्याम मंदिर के पास, जनता कालोनी मंदसौर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। जिनसे अवैध शराब भी जप्त हुई है व कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी हुई बाइक क्रमांक एमपी.14.एमजी.9109 कीमती 45 हजार रुपये एवं एक अन्य बाइक मल्हारगढ़ क्षेत्र की जप्त की गई, जिसके सबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

**पुलिस टीम–**

संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ थाना प्रभारी कोतवाली, उनि रितेश नागर, उनि विजय पुरोहित, आरक्षक सुरेश चोहान, सुनिल किरार, लखन साल्वी, नीरज सिह, भगवान दास और भानुप्रतापसिह की सराहनीय भूमिका रही।

## जुना तालाब गगरानी घाट व बावड़ी की साफ सफाई की गयी



**डीकेन।** स्थानीय नगर परिषद डीकेन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज दिनांक 11 जून 2024 को जुना तालाब गगरानी घाट व बावड़ी की साफ सफाई अभियान चलाया जाकर अभियान के अन्तर्गत तालाब के घाट व बावडी की साफ–सफाई करवाई गई।

जल बचाने के लिए प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया है।

जिसके तहत नागरीको को जागरूक किया जाकर जल बचाने हेतु की अपील की गई तथा उपस्थित नागरीको, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान किया।

## जल की हर बूँद बचाना है, हर जलस्त्रोत को स्वच्छ, समृद्ध बनाना है,जल–गंगा–संवर्धन–अभियान



**नयागांव।** जल की हर बूँद बचाना है, हर जलस्त्रोत को स्वच्छ, समृद्ध बनाना है। दिनांक 08 जून 2024 को नगर परिषद नयागांव मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री अमरदास सेनानी एवम अध्यक्ष मुकेश जाट के निर्देशन में निकाय क्षेत्र के जल स्त्रोत को बचाने के उद्देश्य से वार्ड 05 में पिपलेश्वर मंदिर स्थित बावड़ी में श्रमदान कर बावड़ी की साफ सफाई की गई जिसमें जनप्रतिनिधियों , समाजिक संगठनों कर्मचारियों ने संयुक्त रूप में श्रमदान कर बावड़ी को साफ किया ।

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि पवनदास बैरागी, गुलाब सिंह राठौड़, सामाजिक कार्यकर्ता रूपेश जैन , महेश धाकड़ एवम नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़िये और जलस्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन में योगदान दीजिये।

## रोटी वाहन एवं प्याऊ का लोकार्पण

**नीमच।** 10 जून गौशाला में रहने वाली गायों के लिए घरों और होटलों से निकलने वाली आहार उपयोगी रोटियां, हरी सब्जी, संग्रहण के लिए जैन गौशाला चैनपुरा द्वारा रोटी संग्रहण वाहन का लोकार्पण किया गया। रोटी वाहन सुबह8 से 12 बजे तक भोलाराम कंपाउंड से प्रारंभ होकर जैन कॉलोनी ,शिक्षक कॉलोनी ,विकास नगर आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर रोटी संग्रहण का कार्य करेगा। रोटी संग्रहण वाहन पर ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से प्रतिदिन रोटी संग्रहण का आह्वान भी किया जाएगा। संग्रहण में पक्षी दाना ,विवाह सामाजिक मांगलिक कार्यक्रमों में बचा हुआ भोजन, आटा, दलिया आदि गो व पशु पक्षी काआहार संग्रहित किया जाएगा और गौशाला में गायों के आहार के लिए प्रेषित किया जाएगा।

रोटी वाहन एवं प्याऊ उद्घाटन समारोह में वर्धमान जैन स्थानक वासी श्रावक संघ के अध्यक्ष जयंतीलाल पितलिया, कमल कोठारी सुनील नाहर, विकास पितलिया, सुनील चोरड़िया, भुपेश जैन, सुनील मेहता, प्रफुल्ल पिपाडा, अशोक कुमार,परेश गाला, नरेंद्र नलवाया नरेश गांधी,संजय गांधी, प्रकाशराठौड़ निलेश नलवाया,

आदि समाज जन उपस्थित थे इस अवसर पर ज्ञान मंदिर महाविद्यालय के समीप संचालित प्याऊ को नवनिर्मित स्व. हंसमुख जैन स्मृति प्याऊ का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया।




## गोवंश तस्करी सहित गौ हत्या और अपराधियों पर कार्रवाई की मांग, विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** गोवंश तस्करी रोकने गौ हत्या और अपराधियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग देसी गौवंश रक्षण संवर्धन समिति द्वारा भारत माता चौराहे पर एकत्रित होकर शहर के प्रमुख मार्गो से नारेबाजी करते हुए वाहन रैली निकाली साथ ही कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक 24 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा गया।

जिसमें बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गौ रक्षा संवाद पर गौशालाओं को दान की राशि बड़ाई और इस वर्ष गौ रक्षा संकल्प वर्ष मनाने का निर्णय भी लिया गया जिसका विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग स्वागत करता है किंतु गौ रक्षा संकल्प के सरकार की मंशा के विपरीत गोवंश तस्करी तेज गति से बढ़ रही है और वह तस्कर निडर होकर बड़ी संख्या में गोवंश की तस्करी कर रहे हैं विगत दिनों भी नीमच और मंदसौर जिले में लगभग 47 गोवंश से भरे ट्रक बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से पकड़े थे परंतु विशेष कार्रवाई नहीं होने के कारण तस्करों के हौसले बुलंद है और गोवंश तस्करी निरंतर हो रही है गोवंश तस्कर गौ माता को वध हेतु निरंतर ले जा रहे हैं दिए गए ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग ने 24 सूत्रीय मांगे शामिल की है । जिसमें पशु बाजार मेल बंद करना, गोवंश तस्करी बंद करना, मेले की चिट्ठी पर गोवंश नियम विरुद्ध भरा हो तो मेला समिति पर कार्रवाई करना, आबकारी के नियम जैसे नियम विरुद्ध गोवंश परिवहन पर वाहन राज सात करना,जीन थाना क्षेत्र में तस्करी होती है उस थाना प्रभारी को निलंबित करना, एक से अधिक बार गोवंश तस्करी में पाए जाने वाले वाहन पर रासुका के तहत कार्रवाई करना, संजीवनी पशु एंबुलेंस को गोवंश के लिए 150 रु शुल्क से मुक्त रखना, खेत की मेड़ पर लगने वाली झटका मशीन पर प्रतिबंध लगाना । गोवंश रोकने में बलिदान या अंग विहीन होने पर गऊ भक्तों को गौ सेवक सम्मान दिया जाकर परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देना, गौशालाओं को भूमि आवंटन प्रक्रिया सरल कर तुरंत भूमि आवंटित करना, गौशालाओं में पांच हार्स पावर का विद्युत कनेक्शन मुफ्त दिया जाना, स्वयं सेवी संस्थाओ को मनरेगा से मजदूर सेवक दिया जाना, गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त करना, गौशालाओं द्वारा निर्मित कंपोस्ट कीट नियंत्रण को फर्टिलाइजर्स एक्ट के बाहर करना, व उत्पाद को टैक्स मुक्त किया जाना, पशु जांच चौकिया स्थापित करना, गऊ समाधि स्थल का चयन कर सुरक्षित किया जाना, नीमच से सटे नयागांव परिवहन जहां चौकी पर वित्तीय लाभांश प्राप्त कर गोवंश वाहनों को राजस्थान से महाराष्ट्र की ओर आसानी से जाने दिया जाता है ऐसे लोगों पर कार्रवाई होना, जैसी 24 मांगे ज्ञापन में रखी गई थी।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने की खुशी भाजपा कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी



**सिंगोली।** 9 जून को प्रधानमंत्री के रूप मे नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने की खुशी में सिंगोली के भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिलस्वा चोराहे पर आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया और कार्यकर्ताओ ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर मुहं मीठा भी करवाया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन (भायाजी बगड़ा),उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़, दिनेश जोशी, पार्षद सुनील सोनी, जीवन बलाई, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल सुतार, विकास सेन, सरपंच प्रतिनिधि प्रकाशचन्द्र धाकड़ सोडीजर, बाबुलाल धाकड़ फुसरियां,पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार मेहता,राजकुमार व्यास,भरत जैन, सोहनलाल राठौड़, विशाल पिछोलिया, महेश दशोरा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नपा का कागजों तक सीमित अभियान, सैकड़ो लोगों की प्यास बुझाने वाले कुएं को दरकार है



**नीमच।** अधिकतर देखने में आया है कि नगरपालिका कोई भी अभियान चलाती है वो जमीनी धरातल पर मूर्त रूप ले ना ले पर कागजों में वह जरूर मूर्त रूप ले लेता नजर आता है। कागजी कार्यवाही करने में माहिर हो चुके नगरपालिका नीमच के जिम्मेदारों को आमजन के हित की परवाह नहीं हैवे सिर्फ मुंह दिखाई जैसी रस्म निभाने तक सीमित नजर आ रहे है। ऐसे ही हालात वर्तमान में जलस्त्रोतो के पुनर्जीवन हेतु चलाये जा रहे अभियान में नजर आ रहे है।

बीते दिनो नगर पालिका नीमच की नपाध्यक्ष की अगुवाई में 5 जून से 16 जून तक नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियो सहित अन्य जल स्त्रोंतो के सरंक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु संचालित विशेष अभियान के तहत शुरूआत होने की जानकारी समाचार पत्रों से पता चली। जागरूक रहवासियों ने बताया कि अभियान प्रारंभ हुए आज 8 दिन हो चुके है लेकिन आज भी धरातल पर युद्धस्तर पर जलस्त्रोंतो का पुनर्जवन अभियान चलते हुए देखने में नहीं आया है।

बात करे वार्ड नं. 08 की तो वहां के रहवासियों ने बताया कि गैस गोदाम गणपति नगर गणेश गार्डन क्षेत्र में एक सार्वजनिक कुंआ है, जिसका पानी मीठा होकर क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य के लिये जीवनदायिनी कुआं है। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्म में वह कुआं सुख चुका है। कुएं को गहरीकरण एवं साफ सफाई की दरकार है। साफ सफाई के अभाव में कुएं का पानी पीने लायक नहीं रहता है। वर्तमान में कुंआ सुख चुका है नीचे तले में एक फिट के लगभग पानी व कीचड़ युक्त मलबा नजर आ रहा है। कुएं में मछलियां व कछुआ भी जिनकी सुरक्षा भी की जाना है। वर्तमान में चल रहे अभियान के तहत 16 जून तक या उसके पूर्व कुएं की सफाई हो जाएगी और कुएं का जीर्णोद्धार हो जाएगा तो कुएं का पानी आसपास क्षेत्र के सैकड़ो रहवासियों की प्यास बुझायेगा। वहीं नगरपालिका भी चाहे तो इस कुएं के जल का उपयोग अन्य क्षेत्रों के लिये कर सकती है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सरवानिया महाराज एवं कुकडेश्वर

**बावडी एवं तालाब की साफ–सफाई की गई**



**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को नीमच जिले के कुकड़ेश्वर के वॉर्ड क्रमांक, 03 मैं म सास बहू की बावड़ी की साफ सफाई की गई। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति उर्मिला पटवा, उपाध्यक्ष श्री मति सोनाली पटवा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कमल सिंह परमार, अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री महेंद्र पटवा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री उज्जवल पटवा एवं नगर परिषद कुकडेश्वर के कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर बावड़ी की साफ सफाई की। जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत सोमवार को सरवानिया महाराज के वॉर्ड 06 मे गमु तलाई पर स्वच्छता के लिए श्रमदान कर साफ सफाई की गई। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्री रूपेंद्रसिंह जैन , मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गिरीश शर्मा, नगर परिषद सरवानिया महाराज के कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर, तलाई की कर साफ सफाई की।

जनभागीदारी से श्रमदान कर नाले व बावडी की साफ–सफाई– जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को नगर परिषद जावद व्दारा सावलियां नाले की साफ–सफाई जनभागीदारी से की गई।

एसडीएम जावद श्री राजेश शाह ने नगर परिषद व्दारा जनभागीदारी से जावद में सांवलियां नाले की श्रमदान कर साफ–सफाई कार्य और बावडी की साफ–सफाई के कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस मौके पर सीएमओ श्री जगजीवन शर्मा व न.पा. के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अतिथि शिक्षक पोर्टल पर 15 जून तक पंजीकरण करवाये

**नीमच।** शैक्षणिक सत्र 2024 – 25 में शासकीय विद्यालयों में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक के लिए नवीन आवेदकों के पंजीकृत आवेदकों की जानकारी को अद्यतन करने हेतु विभागीय त्स्नस्न्स्र पोर्टल पर सुविधा 15 जून 2024 तक उपलब्ध है ।

नवीन आवेदक जो शासकीय शालाओं में अतिथि शिक्षक के रूप कार्य करने हेतु इच्छुक है वे लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते है। आधार ई–केवायसी ,शैक्षिणिक एवं व्यावसायिक योग्यता की जानाकारी , शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 या उसके पश्चात उत्तीर्ण की जानकारी अपलोड करने के उपरांत पंजीकरण में दर्ज समस्त योग्यताओं की मूल अंकसूची लेकर संकुल प्राचार्य से आवेदन को ऑनलाइन सत्यापन उपरांत स्कोर कार्ड जनरेट होगा। पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को शैक्षिणिक/व्यावसायिक योग्यता दर्ज करने के पूर्व अपनी प्रोफाइल अनलॉक कर नवीन शैक्षिणित एवं व्यावसायिक योग्यता की जानकारी अपडेट/संशोधित करना होगी एवं अपडेट/संशोधित जानकारी संकुल प्राचार्य से आनलाइन सत्यापित कराई जाना होगी। विभाग द्वारा उक्त कार्य हेतु अंतिम तिथि 15 जून 2024 निर्धारित की गई है। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा ने दी है ।

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 35 जने घायल, 13 को रेफर किया




**सिंगोली।** 09 जून रविवार को सिंगोली–मालादेवी सड़क मार्ग पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी खा गई जिसमें कई महिला–पुरूष घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जिनमें से 13 गम्भीर रूप से घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल नीमच के लिए रेफर कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार को आदिवासी अंचल कोज्या से भील समाज के लोग रसोई लेकर नजदीकी धार्मिक स्थल मालादेवी गए हुए थे और रसोई जीमने के बाद मालादेवी से सिंगोली की ओर लौटते समय दोपहर लगभग 3 बजे माता का खेड़ा ग्राम के पास ट्रैक्टर का चालक ट्रैक्टर से नियंत्रण खो बैठा जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी खा गई जिसमें सवार 30–35 महिला–पुरुषों और बच्चों को चोटें आई है।दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को नजदीक ही शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगोली लाया गया जहाँ 25 महिला–पुरुषों को स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉक्टर इतेश व्यास के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई वहीं 13 जने गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु अन्यत्र रेफर किया गया।

उल्लेखनीय है कि सिंगोली के सरकारी अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर इतेश व्यास द्वारा घायलों के उपचार में बहुत तत्परता से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ पहुँचाया जिससे डॉक्टर इतेश व्यास की सराहना करते हुए लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि सरकारी अस्पताल में डॉक्टर हो तो इतेश व्यास जैसा जबकि स्थानीय पुलिस दुर्घटना की जानकारी देने और घायलों के नाम बताने से ही कतराती रही।

## अनघा धाकड़ ने राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल




**नीमच।** धाकड़ दंपति डॉ लाड धाकड व डॉ योगेन्द्र धाकड़ की 6 वर्षीय बेटी ने 8 व 9 जून को उदयपुर में आयोजित 22 वी राष्ट्रीय कराते चैंपियंसशिप में भाग लेकर नीमच का नाम रोशन करते हुवे फिर से गोल्ड मेडल जीतकर नीमच का मान बढ़ाया है.।

कई राज्यों से आए खिलाड़ियों से जीतकर अनघा धाकड़ ने फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की।बतादे कि अनघा धाकड़ का कराते में यह तीसरा गोल्ड मेडल है इसके पूर्व 2 री बार नैशनल ओर प्रथम बार स्टेट में गोल्ड हासिल कर चुकी है।

अनघा धाकड़ पिछले 1 वर्ष से कोच मीरा थापा के मार्गदर्शन में सीआरपीएफ में ट्रेनिंग ले रही है!पिछले 1 साल में अनघा धाकड़ ने नैशनल कराटे चैपियन शिप में लगातार 2 गोल्ड मेडल, 1 ब्रॉन्ज मेडल जीते है व म.प्र.राज्य कराटे चैपियन शिप में 1 गोल्ड मेडल,1 ब्रॉन्ज मेडल जीते है!खेल के साथ साथ 6 वर्षीय अनघा पढ़ाई में भी अव्वल है!

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला–23, नीमच, जिला–नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)– 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)– 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।